
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी




सुने अपने दिल की .......



पत्नी को ऐसे......

वर्ष : 12 | अंक : 98 | लखनऊ, 01 अप्रैल, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या



**ओटावा।** कनाडा के सरे में कथित तौर पर संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

### आर्टेमिस-2 के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी



**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है। यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद 'ओरियन' कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा।

### सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति संतोखी का निधन



**पारामारिबो।** सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीरलिंग्स-सायमंस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। 'चान' के नाम से प्रख्यात संतोखी ने राष्ट्रपति के रूप में 2020 से 2025 तक देश की बागडोर संभाली थी।

### गेहूं के साथ चना, सरसो पर भी एमएसपी बढ़ा



**लखनऊ।** योगी सरकार ने यूपी के किसानों को बड़ी खुशखबरी दी है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रबी के दलहनी-तिलहनी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली सरकारी खरीद का खुलासा करते हुए बताया कि इस बार चने का एमएसपी 5875 प्रति कुंतल, मसूर का 7000 प्रति कुंतल, सरसों का 6200 रुपए प्रति कुंतल और अरहर का 8000 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

### भगैया सिल्क' के जीआई टैग का रास्ता साफ



**गोड्डा।** झारखंड क्राफ्ट और नाबार्ड की पहल से गोड्डा के भगैया सिल्क को जीआई टैग मिलने का रास्ता साफ हुआ है। भगैया सिल्क से जुड़े 20 हजार से अधिक बुनकरों को जीआई टैग से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह प्रीमियम तसर सिल्क बेहतरीन बनावट व प्राकृतिक चमक के लिए जाना जाता है।

---

### भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार

# पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर ओएसएटी सुविधा का किया उद्घाटन

यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का उद्घाटन किया। इस प्लांट में अब कमर्शियल ऑपरेशन भी शुरू हो गए हैं। पीएम मोदी ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और चल रहे ऑपरेशंस का जायजा लिया।

साणंद यूनिट लगभग 3,300 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई है। यह प्लांट सेमीकंडक्टर असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग का काम करेगा, जो चिप मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू चेन का अहम हिस्सा है। यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की घरेलू क्षमताएं बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है।

प्लांट चिप निर्माण का अहम हिस्सा

3,300 करोड़ के निवेश से स्थापित



साणंद में केन्स सेमीकॉन की ओएसएटी सुविधा का उद्घाटन करते पीएम मोदी

#### इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

पीएम मोदी ने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगी। पीएम नरेंद्र मोदी को उनके सानंद दौरे के दौरान केन्स सेमीकॉन की यूनिट में इस्तेमाल हो रही एडवांस्ड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सुविधा केंद्र में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और क्लीनरूम और प्रोडक्शन लाइनों का भी निरीक्षण किया। पीएम ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से रोजगार के अवसर बढ़ने और हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल कर्मचारियों के विकास में मदद मिलेगी।

#### प्रतिदिन 63 लाख मॉड्यूल का उत्पादन होगा

प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल के निर्माण से हुई है। इन मॉड्यूल्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, इंडस्ट्रियल सिस्टम और ऊर्जा-कुशल उपकरणों जैसे एप्लीकेशंस में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

#### अश्विनी वैष्णव बोले
#### 2026 में चार और 2027 में दो और सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो प्लांट का काम पूरा हो जाएगा। भारत की पहली फैब्रिकेशन यूनिट 2028 तक धोलेरा में तैयार हो जाएगी। वैष्णव ने बताया कि केयन्स सेमीकॉन की सानंद यूनिट देश का दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित देश के सबसे पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था और आज, 31 मार्च को, दूसरे प्लांट का उद्घाटन किया गया है। तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई में किया जाएगा।

---

### वायु रक्षा क्षमता होगी और मजबूत

## वायुसेना के लिए माउंटेन रडार को मंजूरी, 1950 करोड़ का एमओयू

*पहाड़ी और सीमावर्ती इलाकों में रखेंगे दुश्मन पर पैनी नजर*

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मंगलवार को रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच भारतीय वायुसेना के लिए दो माउंटेन रडार खरीदने को लेकर लगभग 1,950 करोड़ रुपए का यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यह समझौता 31 मार्च को नई दिल्ली में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह सौदा 'भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के तहत किया गया है। इसका अर्थ यह है कि इस परियोजना में देश में विकसित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इन रडार सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इसका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड करेगी।



#### रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

*ये अत्याधुनिक रडार दुर्गम क्षेत्रों में भी सटीकता के साथ काम करने में सक्षम हैं। विशेष रूप से पहाड़ी और कठिन सीमावर्ती इलाकों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ये रडार उपयुक्त हैं। इन रडार की तैनाती से देश की वायु रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही दुश्मन की किसी भी हरकत का समय रहते पता लगाना आसान होगा। ये आधुनिक रडार अलग-अलग टेरीयन में भारतीय वायुसेना के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की यह पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई है। निर्माण की इस महत्वपूर्ण परियोजना में रडार के साथ-साथ उससे जुड़े उपकरण और जरूरी बुनियादी ढांचे को भी शामिल किया गया है।*

---

### सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी पर चर्चा

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से की फोन पर बात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और गहराई देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि सोमवार को नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने सेमीकंडक्टर, बड़े जल प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन और टैलेंट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपनी साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। हमने पश्चिम एशिया की



स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। इस बातचीत में हाई-टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। पीएम मोदी ने बड़े जल परियोजनाओं पर भी चर्चा की, जहां बाढ़ प्रबंधन, डेल्टा तकनीक और टिकाऊ जल समाधानों में नीदरलैंड अनुभव भारत की जल सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन के प्रयासों में महत्वपूर्ण सहयोग दे सकता है।

---

### अपनी मारक क्षमता से समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों से निपटेगा नया युद्धपोत

## भारतीय नौसेना को स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'दूनागिरी' सौंपा गया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के पांचवें और इस श्रेणी के दूसरे युद्धपोत, दूनागिरी (यार्ड 3023), को कोलकाता स्थित जीआरएसई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में किया गया है।

यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट बहुमुखी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।



'दूनागिरी' युद्धपोत

#### लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट का नवीनतम स्वरूप

*दूनागिरी, पूर्व में भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहे लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी का नवीनतम स्वरूप है, जिसने 5 मई 1977 से 10 अक्टूबर 2010 तक 33 वर्षों तक राष्ट्र को गौरवशाली सेवा प्रदान की। यह अत्याधुनिक फ्रिगेट नौसेना डिजाइन, स्टील्थ, मारक क्षमता, स्वचालन में अभूतपूर्व प्रगति का प्रतीक है और युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण है।*

#### भारतीय नौसेना को मिला 'संशोधक' युद्धपोत



भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा संचालित अंतिम सर्वेक्षण पोत (विशाल) संशोधक (यार्ड 3028) को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह पोत बंदरगाह/हार्बर के मार्गों का पूर्ण पैमाने पर तटीय और गहरे पानी का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने और नौवहन चैनलों/ मार्गों का निर्धारण करने में सक्षम है। रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करना भी इस जहाज की भूमिका है। लगभग 3400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक जलवैज्ञानिक उपकरण लगे हैं।

#### युद्धपोत तारागिरी का 3 अप्रैल को लोकार्पण



*भारतीय नौसेना अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी (एफ41) को 3 अप्रैल 2026 को विशाखापत्तनम में कमीशन करने जा रही है। इस समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह प्रोजेक्ट 17ए क्लास का 6,670 टन वजनी फ्रिगेट 'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता और देशी शिपयार्ड की उन्नत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है। आधुनिक हथियार और फ्लेक्सिबल मिशन प्रोफाइल के साथ, तारागिरी भारत की समुद्री ताकत और नीली सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शन प्लांट से चलने वाला, तारागिरी 'हाई-स्पीड - हाई एंड्योरेंस' वर्सेटिलिटी और मल्टी-डाइमेंशनल समुद्री ऑपरेशन के लिए डिजाइन किया गया है।*

---

### योगी सरकार में एक्सपोर्ट को मिली रफ्तार

# नवंबर 2025 तक यूपी के निर्यात ने पार किया 1.31 लाख रु. करोड़ का आंकड़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक कुल निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.08% अधिक है।

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य सरकार की उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों के चलते प्रदेश का निर्यात न केवल दोगुना हुआ है, बल्कि वैश्विक बाजार में 'मेड इन यूपी' की मजबूत पहचान भी बनी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का कुल निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,18,223.91 करोड़ की तुलना में 11.08 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.86 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

#### खास बातें

- योगी सरकार की नीतियों से निर्यात में 11.08% की वृद्धि
- आईटी/ आईटीईएस निर्यात 82 हजार करोड़ रुपए पार पहुंचा



#### अग्रणी निर्यातक राज्यों में मजबूत उपस्थिति दर्ज

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनाई गई दूरदर्शी नीतियों, सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश के अनुकूल माहौल और निर्यातकों को दी जा रही सुविधाओं ने प्रदेश को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। आज उत्तर प्रदेश तेजी से देश के अग्रणी निर्यातक राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। 'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को साकार करते हुए प्रदेश के उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। आने वाले समय में यह रफ्तार और तेज होने की संभावना है।

#### बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर

निर्यात को नई गति देने के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। लखनऊ व ग्रेटर नोएडा में स्थापित अत्याधुनिक एक्सपो मार्ट न केवल प्रदेश के निर्यातकों को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए यूपी को प्रमुख ट्रेड हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं। भदोही में विकसित भदोही कार्पेट बाजार पारंपरिक कालीन उद्योग को नई ऊर्जा दे रहा है।

#### निवेश अनुकूल माहौल का परिणाम

आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी योगी सरकार की नीतियों का स्पष्ट असर देखने को मिला है। वर्ष 2015 में जहां सूचना प्रौद्योगिकी/ आईटीईएस निर्यात 15 हजार करोड़ था, वह 2024-25 में बढ़कर 82 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। यह सेवा क्षेत्र में तेजी से हो रहे विस्तार और निवेश अनुकूल माहौल का परिणाम है। प्रदेश सरकार 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई (ज्योग्राफिकल इंडिकेशन) पंजीकरण प्राप्त हो चुका है, जबकि 152 अन्य उत्पाद इस दिशा में अग्रसर हैं। इससे पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान और मूल्य दोनों मिल रहे हैं।


---

### बिहार से उठा लाई यूपी एसटीएफ

## सीएम योगी की मां पर अभद्र कमेंट करने वाला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स ने बिहार के पूर्णिया जिले से मौलाना अब्दुल्ला सलीम को गिरफ्तार कर लिया। मूल रूप से अररिया के रहने वाले मौलाना ने एक धार्मिक सभा में गौकशी कानूनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां और गौमाता के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बलरामपुर और बहराइच समेत कई जिलों में केस दर्ज हुए। यूपी पुलिस की कई टीमें अलर्ट पर थीं और सादी वर्दी में पहुंची एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से मौलाना को हिरासत में ले लिया।



#### भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की थी

मौलाना की इन टिप्पणियों के कारण बलरामपुर, बस्ती, सीतापुर और कानपुर सहित कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक सुरेंद्र दिलेर ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, जिसमें उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ सकता है। सांसद बने रवि किशन ने भी इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा था कि भारतीय संस्कृति में मां को सर्वोच्च सम्मान प्राप्त है और ऐसे बयान अस्वीकार्य हैं। वीएचपी नेताओं ने भी इस भाषण को भड़काऊ और सांप्रदायिक शांति भंग करने में सक्षम बताते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

#### अपहरण की अफवाह और विधायक की एंट्री

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरफ्तारी के दौरान मौके पर काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। सादी वर्दी में आए पुलिसकर्मियों द्वारा मौलाना को ले जाते देख स्थानीय लोगों को लगा कि यह अपहरण की घटना है। मामला तब शांत हुआ जब स्थानीय विधायक ने थाने से संपर्क किया। विधायक ने पुष्टि की कि यह कानूनी कार्रवाई है और उन्होंने परिवार को कानून पर भरोसा रखने को कहा।

# दाखिल खारिज की नयी दरें आज से लागू

## नगर निगम: पारिवारिक संपत्तियों के नामांतरण पर लगने वाला शुल्क हुआ कम

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** संपत्ति नामांतरण (दाखिल-खारिज) के शुल्क में 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू होंगी। नई व्यवस्था के तहत पारिवारिक संपत्तियों के नामांतरण पर लगने वाला शुल्क कम किया गया है, जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी। नई व्यवस्था में अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार शुल्क निर्धारित किया गया है। बैनामा, उत्तराधिकार, वसीयत और पारिवारिक बंटवारे जैसे मामलों में संशोधित दरें लागू होंगी। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में नामांतरण शुल्क के नाम पर चल रही मनमानी वसूली पर शासन ने नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि 2025 लागू की है।

करीब पांच महीने पहले नगर निगम सदन और कार्यकारिणी ने गृहकर दाखिल खारिज शुल्क में कमी की थी। नई दरों को लागू करने के लिए चार दिसंबर को सार्वजनिक सूचना जारी कर आपत्ति सुझाव मांगे गए थे। इसके लिए 15 दिन का मौका दिया गया था। पूरी अवधि में एक ही आपत्ति आई थी, जिसका निस्तारण समिति ने कर दिया।

नगर निगम अभी पारिवारिक संपत्ति के नामांतरण पर तय 5000 रुपये फीस लेता है। यह फीस ईडब्ल्यूएस मकान से लेकर बड़े मकान वालों तक के लिए समान है। इस पर लोग आपत्ति कर रहे थे। उसके बाद शासन ने इसे कम किया, जिसके बाद नगर निगम सदन ने भी शुल्क कम कर दिया। इसी तरह बैनामे के आधार पर खरीदी जाने वाली संपत्तियों का भी दाखिल खारिज शुल्क और कम किया गया है। पहले यह एक प्रतिशत था। शासन की नई नियमावली जारी होने के बाद इसे और कम किया गया।

### बैनामे के आधार पर संपत्ति नामांतरण पर अभी है यह शुल्क

| | |
|---|---|
| ■5 लाख रुपये कीमत तक की संपत्ति पर | 3500 |
| ■5 लाख से अधिक से और 10 लाख रुपये कीमत तक | 5500 |
| ■10 से अधिक और 20 लाख रुपये कीमत तक | 7500 |
| ■20 लाख से अधिक और 30 लाख रुपये कीमत तक | 9500 |
| ■30 लाख रुपये से अधिक कीमत वाली संपत्तियों पर | 10000 |

### अब यह शुल्क लगेगा

| | |
|---|---|
| ■5 लाख रुपये कीमत तक | 1000 |
| ■5 से 10 लाख कीमत तक | 2000 |
| ■10 से 15 लाख कीमत तक | 3000 |
| ■15 से 50 लाख कीमत तक | 5000 |
| ■50 लाख से अधिक कीमत पर | 10000 |

### उत्तराधिकार और वसीयत के मामलों में अब यह होगा शुल्क

| | |
|---|---|
| ■1000 वर्ग फीट तक के मकान पर | 1000 |
| ■1001 से 2000 वर्ग फीट तक के मकान | 2000 |
| ■2001 से 3000 वर्ग फीट तक के मकान | 3000 |
| ■3000 वर्ग फिट से अधिक के मकान | 5000 |

# आबकारी ई-लॉटरी द्वितीय चरण प्रक्रिया आज से शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप एवं भांग की ई-नवीनीकरण एवं प्रथम चरण ई-लॉटरी के पश्चात अवशेष एवं नवसृजित कुल 1506 फुटकर दुकानों के आवंटन के लिए द्वितीय चरण ई-लॉटरी प्रक्रिया के लिए आवेदन आज से आबकारी विभाग की वेबसाइट पर आरंभ कर दी गई है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराई जाएगी।

आबकारी विभाग की ओर से जारी नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश भर की मदिरा दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा सुगमता सुनिश्चित हो सके। इच्छुक आवेदक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल है। आवश्यक शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

# डिप्रेशन से परेशान अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र में बीती रात एक अधेड़ व्यक्ति ने डिप्रेशन के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद के मिर्जागंज निवासी राजहंस (46) निजी नौकरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी ममता, बेटा शिवम और एक बेटी है। परिजनों के मुताबिक, राजहंस पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में थे। बताया गया कि सोमवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात करीब साढ़े 12 बजे बेटा शिवम जब कमरे में पहुंचा तो उसने पिता को पंखे से साड़ी के सहारे लटका हुआ देखा। यह दृश्य देखकर वह चीख पड़ा, जिसके बाद परिजन और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव घर पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। बाद में परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।


मृतक राजहंस फाइल – फोटो

# कूड़ा प्रबंधन में लगेंगे 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहन




- 110 वार्डों में शत-प्रतिशत कूड़ा कलेक्शन व सस्टेनेबल सिटी मॉडल की दिशा में बड़ा कदम
- नये वाहनों के जुड़ने से कूड़ा प्रबंधन प्रणाली होगी मजबूत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बुधवार को अहम पहल होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रातः 11 बजे अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग से 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों का लोकार्पण (फ्लैग ऑफ) करेंगे। यह पहल हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नगर निगम की ओर से शहर के सभी 110 वार्डों में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों से निकलने वाले कूड़े का शत-प्रतिशत एकत्रीकरण, परिवहन और प्रोसेसिंग सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था लागू की गई है। इस कार्य का संचालन चयनित संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसकी प्रतिदिन निगरानी भी सुनिश्चित की जाती है।

नगर निगम के कमांड एवं कंट्रोल रूम से कूड़ा उठान कार्य का सीधा प्रसारण देखा जा सकता है। साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम नंबर 1533 एवं टोल फ्री नंबर 18001234999 और 1800206172 पर शिकायत दर्ज कराकर त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। कूड़ा एकत्रीकरण में डीजल चालित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल वायु प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण भी सुनिश्चित होगा। यह नीति सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप है और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने की दिशा में प्रभावी कदम मानी जा रही है।


**ई-वाहनों का बढ़ता बेड़ा और आधुनिक सफाई व्यवस्था :** वर्तमान में लखनऊ में 981 इलेक्ट्रिक एवं 169 सीएनजी वाहनों के माध्यम से कूड़ा एकत्रीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शहर की प्रमुख सड़कों की सफाई 50 से अधिक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों (ई-वाहनों) के माध्यम से प्रतिदिन कराई जा रही है। नए 250 वाहनों के जुड़ने से कूड़ा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक गति और मजबूती मिलने की उम्मीद है। ई-वाहनों के सुचारु संचालन के लिए शहर में 13 स्थानों पर 520 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इससे न केवल वाहनों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में और अधिक ई-वाहनों के संचालन के लिए भी आधार तैयार होगा।

इस पूरी व्यवस्था से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग 10,000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। साथ ही सर्कुलर इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को भी मजबूती मिल रही है, जिससे कूड़े को संसाधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में कार्य हो रहा है। नगर निगम की ओर से उठाए जा रहे इन कदमों से न केवल शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन की संभावना भी बढ़ेगी। यह पहल लखनऊ को एक आदर्श सस्टेनेबल अर्बन मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# दहेज हत्या में पति-सास को साथ - सता वर्ष की सजा, जुर्माना भी लगा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दहेज हत्या के एक मामले में अदालत ने पति और सास को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पांडे ने दोषी पति सूरजपाल और सास कुंवारा पर 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। सरकारी अधिवक्ता अनिल मिश्रा के अनुसार, वादी छोटेलाल ने थाना मलिहाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री छाया देवी का विवाह 5 मई 2011 को मलिहाबाद निवासी सूरजपाल के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में ढाई लाख रुपये की मांग को लेकर छाया देवी को प्रताड़ित करता था। पीड़िता ने इस



संबंध में अपने मायके पक्ष को कई बार जानकारी दी थी। वादी के अनुसार, 8 जुलाई 2013 की रात उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी पुत्री की तबीयत खराब है। जब वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो पता चला कि छाया देवी की जहर देकर हत्या कर दी गई है। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर पति और सास को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दवा लेकर पैदल अपने घर लौट रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां स्थिति में सुधार न होता देख परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के जद्दा खेड़ा निवासी ईश्वरदीन की पत्नी नन्हक्की (65) 19 मार्च शाम को पावर हाउस चौराहे से दवा लेकर पैदल अपने घर लौट रही थी तभी गांव के किनारे पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे कसमंडी खुर्द बाइक सवार शाहरुख ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे ग्रामीणों की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर


मृतका नन्हक्की फाइल – फोटो

कर दिया जहां स्थिति में सुधार न होता देख परिजनों उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान 12वें दिन सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिवार में दो बेटे शंकर, राम शंकर और एक बेटी गुड्डी है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि बीते 20 मार्च को पति ईश्वरदीन की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था. जिसकी करवाई प्रचलित है।

# डॉ. जीपी गुप्ता ने सिविल अस्पताल के निदेशक का पदभार संभाला

**लखनऊ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता की सेवानिवृत के उपरांत चिकित्सालय के सभागार में भव्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इसके बाद चिकित्सालय के निदेशक का पदभार लोकप्रिय वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉक्टर जी पी गुप्ता ने ग्रहण किया।

चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेश चंद्र पांडे, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर सिंह, चीफ फार्मासिस्ट सुनील यादव, जीसी दुबे, सरवन चौधरी, आनंद प्रकाश मिश्रा, महेंद्र रावत, रजनीश पांडे, प्रशासनिक अधिकारी मनोज उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक उमेश क्वात्रा, अनिल कुमार आदि ने डा कजली गुप्ता का सम्मान किया और नये निदेशक को बधाइयां दीं। सम्मान समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मियों ने डॉ कजली गुप्ता के सिविल अस्पताल में किए गए कार्यों की सराहना की।

# यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप और व्हाट्सऐप चैट बॉट का अधिक उपयोग हो : रिया केजरीवाल

- स्मार्ट मीटर का पैसा जमा होने के 2 घण्टे बाद सप्लाई बहाल होगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने कहा कि यदि स्मार्ट प्रीपेड़ मीटर का बकाया पैसा जमा करने के दो घण्टे बाद बिजली आयेगी। इसके बाद भी बिल बकाया हो जाता है तो तीन दिन तक बिजली नही कटेगी। एमडी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि विभाग का लक्ष्य सभी कार्यो को आनलाईन करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य है जिससे व्यवस्था पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली जुड़वाने के लिए लाइनमैन को ढूंढने की जरूरत नहीं है।

यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपने मीटर की लाइव रीडिंग, बैलेंस और खपत की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को



जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा लाखों संदेश भेजे जा रहे हैं और प्रतिदिन 100 लोगों की विशेष टीम फोन कॉल के माध्यम से फीडबैक ले रही है। स्मार्ट मीटर की रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायतों पर एमडी ने कहा कि विभाग ने 69 हजार चेक मीटर लगाए थे, जिनमें से किसी में भी अंतर नहीं पाया गया। हालांकि, उन्होंने ईईएसएल के पुराने स्मार्ट मीटरों में आने वाली तकनीकी समस्याओं को स्वीकार किया।

उन्होंने बताया कि मध्यांचल में अब तक लगभग 3,46,000 स्मार्ट मीटर लगे हैं, जिनमें से शिकायत मिलने पर 52 हजार मीटर बदले जा चुके हैं।

एमडी ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में दो जोन में पूरी तरह से ट्रिपिंग विहीन बनाया गया है। लेसा के सभी जोन में लाइनों और ट्रांसफार्मरों के मेंटेनेंस पर काम किया जा रहा है। जिससे लो वोल्टेज और बिजली कटने की समस्याओं में सुधार हुआ है। अब एक मोबाइल नंबर से अधिकतम तीन बिजली कनेक्शन ही जोड़े जा सकेंगे। अधिक कनेक्शन होने पर उपभोक्ताओं तक महत्वपूर्ण सूचनाएं नहीं पहुंच पाती थीं, जिससे रिचार्ज खत्म होने पर बिजली कटने की समस्या आती थी।

एमडी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप और व्हाट्सऐप चैट बॉट का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने सलाह दी कि बिजली विच्छेदन (डिस्कनेक्शन) की असुविधा से बचने के लिए अपना बैलेंस हमेशा पॉजिटिव रखें। किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

# भाषा विवि को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्वीकृति

- विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रस्तावित 10 शोध परियोजनाओं को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की गयी स्वीकृति

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रस्तावित 10 शोध परियोजनाओं को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन शोध पहलों का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, प्रशासनिक दक्षता एवं सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित करना है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. शचीन्द्र शेखर को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संचार की उत्कृष्टता विषय पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में 3.50 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. नालिनी मिश्रा को ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के बीच शैक्षिक जागरूकता को बढ़ावाह्व विषय पर 3.50 लाख की शोध परियोजना प्रदान की गई है। यह परियोजना ग्रामीण किशोरियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक एवं संरचनात्मक बाधाओं की पहचान करने तथा उनके समाधान हेतु प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने पर केंद्रित है। इसी क्रम में डॉ. सैयद काजिम असगर रिजवी (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग) को स्वच्छ भारत मिशन के संदर्भ में मीडिया की भूमिकाह्व विषय पर शोध अनुदान प्रदान किया गया है। फारसी विभाग के डॉ. आरिफ अब्बास को ह्ररामायण के फारसी अनुवादों का वर्णनात्मक अध्ययन विषय पर सहायता दी गई है, जिससे भारतीय एवं फारसी साहित्यिक परंपराओं के अंतसंबंधों को नई दृष्टि मिलेगी।

व्यवसाय एवं प्रशासन विभाग के प्रो. मुशीर अहमद को दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने के उपायह्व विषय पर परियोजना प्रदान की गई है। वहीं प्रो. सैय्यद हैदर अली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में अवसंरचनात्मक एवं शैक्षणिक चुनौतियाँ विषय पर शोध हेतु स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनके व्यावहारिक परिणाम समाज तक पहुँचकर सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे।

शोध निदेशक प्रो. चन्दना डे के अनुसार, विश्वविद्यालय के पाँच विभागों को विभिन्न शोध परियोजनाओं के लिए कुल 15.80 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजनाह्व के अंतर्गत विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों को शोध एवं शैक्षणिक नवाचार के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है। शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. श्वेता अग्रवाल को बाराबंकी जनपद के गैर-सरकारी डिग्री कॉलेजों की स्थिति के अध्ययन हेतु 2.30 लाख की राशि प्रदान की गई है, जबकि अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. उधम सिंह को लखनऊ जनपद के स्टार्टअप्स की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर शोध के लिए 2.50 लाख स्वीकृत किए गए हैं।

गृह विज्ञान विभाग की डॉ. तहीर फातमा को ग्रामीण किशोरियों में ह्रमासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छताह्व विषय पर शोध के लिए 2.95 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है। वहीं कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. रजा अब्बास हैदरी को क्लाउड कंप्यूटिंग के उन्नत तकनीकी मॉडल पर शोध हेतु 1.37 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इन सभी शोध परियोजनाओं के माध्यम से भाषा विश्वविद्यालय अनुसंधान, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए समाजोपयोगी ज्ञान के सृजन और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पर्यटन और संस्कृति विकास से बदलेगा प्रदेश का स्वरूप

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने अपनी प्रगति और योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। विभाग ने स्पष्ट किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश में पर्यटन और सांस्कृतिक विकास को और गति मिल सके। इससे पहले पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक कर वित्तीय स्वीकृतियों, आवंटन और व्यय की स्थिति का आकलन करते हुए पारदर्शी और समयबद्ध बजट उपयोग के निर्देश भी दिए थे।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 1801.30 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष द्वारा 1729.22 करोड़ रुपये की लगभग 96 प्रतिशत स्वीकृति दी जा चुकी है। वहीं, संस्कृति विभाग के बजट खर्च को लेकर ताजा आंकड़ों के मुताबिक विभाग ने अपने आवंटित बजट का अच्छा उपयोग किया है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि योजनाओं को जमीन पर उतारने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 200




करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष 186.9618 करोड़ रुपये लगभग 93.48 प्रतिशत की स्वीकृति दी जा चुकी है।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार केवल परियोजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि आम जनता और पर्यटकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से कई महत्त्वाकांक्षी और विश्वस्तरीय परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इनमें अल्पज्ञात पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों का समग्र विकास, लखनऊ में प्रस्तावित अत्याधुनिक नौसेना संग्रहालय, अयोध्या में लव-कुश पार्क, श्रद्धा, रामायण वैक्स म्यूजियम तथा अत्याधुनिक रामकथा संग्रहालय जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।

इसके साथ ही फिरोजाबाद में ग्लास म्यूजियम और उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम भी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नए आयाम देने का कार्य करेंगे। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल अपनी समृद्ध परंपराओं को सहेज रहा है, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और प्रस्तुति के साथ वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। मंत्री जयवीर सिंह ने आगे कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके लिए पर्यटन स्थलों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जनपदों से होकर गुजरने वाले प्रमुख राजमार्गों के किनारे आधुनिक वे-साइड एमेनिटीज विकसित करने को प्राथमिकता दी जा रही है।

इन सुविधाओं में स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय, उच्च गुणवत्ता वाले फूड कोर्ट, पर्याप्त पार्किंग, ईंधन की उपलब्धता, सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों के लिए आरामदायक विश्राम स्थल शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इन वे-साइड एमेनिटीज के विकास से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को भी इन केंद्रों के माध्यम से एक नया बाजार मिलेगा, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चालक समेत चार घायल, बड़ा हादसा टला

**हादसा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भूसा लादकर ट्रैक्टर ट्राली से बेचने जा रहे ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई इसके नीचे दबने से चालक समेत चार लोग घायल हो गए आनन फानन राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाल कर एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के मढ़िया प्रतापपुर निवासी आशीष अपने साथियों के साथ मंगलवार सुबह भूसा लादकर ट्रैक्टर ट्राली से बेचने दुबग्गा लखनऊ जा रहे थे। तभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव के अंडरपास ओवर ब्रिज के ऊपर चढ़ाई के दौरान ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके नीचे दबने से चालक आशीष उसी गांव निवासी साथी पुष्पेंद्र, राधे,


पलटा पड़ा ट्रैक्टर ट्राली – फोटो

सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से बाहर निकाल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गनीमत रही कि हादसे के समय आस-पास कोई वाहन नहीं था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के चलते आधे घंटे तक हरदोई से लखनऊ की ओर जाने वाली पटरी की सेवाएं बाधित रही। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली को सड़क के किनारे कराकर यातायात सुचारू रूप से चालू कराया गया।

# संक्षेप

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, चार घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया। वहां से तीन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के देवरामऊ निवासी अरविंद 26 वर्ष पुत्र लाल बहादुर अपने ममेरे भाई विनीत 22 वर्ष पुत्र रामखेलावन के साथ बाइक से उन्नाव जा रहा था। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर आगे चल रही एक अन्य बाइक पर गांव मेहंदी खेड़ा निवासी अनिल 30 वर्ष पुत्र श्रीपाल और उनकी पत्नी तारावती 28 वर्ष सवार थे। अनिल की बाइक ने बिना इंडिकेटर या हाथ का इशारा दिए दाहिनी ओर गांव की तरफ मोड़ लिया। जिससे अरविंद की बाइक अनियंत्रित होकर उससे जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अरविंद, अनिल और तारावती की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।

## मामूली से विवाद में चले लाठी डंडे तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मल्हौली सरदारनगर गांव में मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद में लाठी-डंडों से हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।बीती देर रात गांव निवासी अंकित (24) पुत्र चंद मूल और शिवम (27) पुत्र रमेश अपने घर के बाहर बैठकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान गांव के सतीश पुत्र पृथ्वी, रौनक पुत्र सतीश, शिवकुमार, राजेश पुत्रगण गंगा केशन, अभिषेक और विनीत पुत्रगण शिवकुमार से उनकी कहासुनी हो गई।कहासुनी बढ़ने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में नन्हक्के (45) पुत्र गुरु प्रसाद, शिवम (27) पुत्र रमेश और अंकित (24) पुत्र चंद मूल गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस को सूचना मिलने पर रात करीब 11 बजे घायलों को मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर मुश्ताक कादिर ने तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आयुषी को राज्यमंत्री राकेश सचान एवं उद्योग आयुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने राज्य पुरस्कार से किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के पाटन गांव के निवासी सतीश कुमार श्रीवास्तव जो वर्तमान समय में रायबरेली के जिला अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं जिनकी प्रतिभाशाली बेटी आयुषी श्रीवास्तव ने पारंपरिक कला सांझी शिल्प में नवाचार और उत्कृष्टता के बल पर राज्य स्तर पर पहचान बनाई है। उनके इस सम्मान ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है आयुषी श्रीवास्तव ने, जिन्हें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा लुप्तप्राय शिल्प उत्कृष्टता और नवाचार (सांझी शिल्प) के लिए राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि आज जब पारंपरिक कलाएं आधुनिकता की दौड़ में कहीं खोती जा रही हैं, ऐसे में आयुषी श्रीवास्तव जैसी युवा प्रतिभाएं उन्हें पुनर्जीवित करने का कार्य कर रही हैं। उनका यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एमएसएमई मंत्रालय के राज्य मंत्री राकेश सचान एवं उत्तर प्रदेश के उद्योग आयुक्त एवं निदेशक के. विजयेंद्र पांडियन ने आयुषी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आयुषी श्रीवास्तव ने सांझी शिल्प जैसी पारंपरिक और विलुप्त होती कला में न केवल अपनी गहरी रुचि दिखाई, बल्कि उसमें नवीन प्रयोग कर उसे आधुनिक स्वरूप देने का सराहनीय कार्य भी किया। उनके इस नवाचार ने कला के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार किया है और युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने की प्रेरणा दी है। आयुषी ने रायबरेली से फैशन डिजाइनिंग का




कोर्स किया था। समारोह के दौरान वक्ताओं ने आयुषी की लगन, परिश्रम और सृजनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवा ही देश की सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखने का कार्य करते हैं। आयुषी की इस उपलब्धि को नारी शक्ति के सशक्त उदाहरण के रूप में भी देखा जा रहा है। परिवार में भी इस सम्मान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। आयुषी के पिता सतीश कुमार श्रीवास्तव ने अपनी बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उसकी वर्षों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आयुषी भविष्य में भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूती रहेगी। इस गौरवपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उन्नाव के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष धर्मेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भारत चित्रांशी, जिला महामंत्री संकल्प मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष सोनू बाजपेई, ग्राम प्रधान पाटन कुलदीप चौधरी, एडवोकेट सौरभ श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, सौभाग्य सिंह, देश दीपक पाण्डेय, धीरेंद्र सिंह, स्वदेश सोनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं शुभचिंतकों ने आयुषी श्रीवास्तव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह उपलब्धि पूरे रायबरेली के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

# स्टेशन अधीक्षक को रेलवे प्रशासन ने किया निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन जोशी को रेलवे प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई प्रशासनिक आधार पर की गई है, जिसमें ड्यूटी के दौरान गैरहाजिरी, स्टेशन का चार्ज न सौंपने और कर्मचारियों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया गया।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन जोशी स्टेशन पर मौजूद नहीं पाए गए थे।रेलवे प्रशासन ने जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही माना। इस मामले की रिपोर्ट मंडल कार्यालय भेजी गई, जिसके बाद पूरे प्रकरण की समीक्षा की गई।रेलवे सूत्रों के मुताबिक, स्टेशन अधीक्षक का स्थानांतरण पहले ही दूसरे स्टेशन पर कर दिया गया था। इसके बावजूद, उन्होंने उन्नाव जंक्शन का विधिवत चार्ज नए अधिकारी को नहीं सौंपा। प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन न करने को भी कार्रवाई का एक प्रमुख कारण माना गया है, जिससे स्टेशन के कार्य संचालन पर असर पड़ा था।

इसके अतिरिक्त, स्टेशन के कई कर्मचारियों ने भी डीआरएम कार्यालय में लिखित शिकायतें भेजी थीं। इन शिकायतों में अधीक्षक की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर नाराजगी जताई गई थी। कर्मचारियों का आरोप था कि कार्यस्थल पर समन्वय की कमी और प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता का अभाव था, जिससे कार्य व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।रेलवे प्रशासन ने सभी शिकायतों और निरीक्षण रिपोर्ट को संज्ञान में लेकर जांच के बाद निलंबन की कार्रवाई की।उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने इस कार्रवाई की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि स्टेशन अधीक्षक को प्रशासनिक आधार पर निलंबित किया गया है और विभागीय नियमों के तहत आगे की जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। इस कार्रवाई को रेलवे विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर एक सख्त संदेश माना जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुविधा और रेलवे संचालन की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार पदों पर तैनात अधिकारियों की जवाबदेही तय करना आवश्यक है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्य में लापरवाही या नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने युवक को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना क्षेत्र के सोहरामऊ कस्बे में सोमवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार डीसीएम ने सड़क पार करते समय उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान 36 वर्षीय अश्वनी मिश्रा के रूप में हुई है, जो देवरिया जिले के मझरिया गांव के निवासी माधवजी मिश्रा के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, अश्वनी किसी काम से सोहरामऊ कस्बे आए थे और एक दुकान से सामान खरीदने के बाद सड़क पार कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अश्वनी जैसे ही डिवाइडर से उतरकर सड़क पार करने लगे, तभी कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर सोहरामऊ थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों ने कस्बे में तेज रफ्तार वाहनों की बढ़ती आवाजाही पर चिंता व्यक्त की है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और फरार डीसीएम चालक की तलाश जारी है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यशाला आयोजित, 2027 चुनाव की रणनीति पर मंथन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत योजना तैयार कराई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने की। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया और सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यशाला में पुरवा विधायक अनिल सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यकताओं को अभी से जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की सलाह दी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला महामंत्री मनीष जैसवाल, जिला सोशल मीडिया संयोजक जैनेन्द्र कुमार शुक्ला, आईटी संयोजक दीपांकर मिश्रा, निवर्तमान जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया प्रशांत सिंह, एवं जिला मीडिया संयोजक समीर शुक्ला शामिल रहे। इसके अलावा मंडल अध्यक्षों और अन्य कार्यकताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया की भूमिका और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाते हुए कार्यकताओं को अभी से जुट जाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# यह संसार दुखों का सागर है बिना गुरु के मोक्ष नहीं प्राप्त होती है

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।सोमवार को रामलीला मैदान कस्टोलवा में बाबा जयगुरूदेव महाराज का मुक्ति दिवस कार्यक्रम हुआ इस अवसर पर उज्जैन से बाबा उमाकांत जी महाराज का संदेश लेकर आए ओम कुमार मिश्र ने सभी को गुरु वाणी सुनाई। उन्होंने कहा बिना गुरु के ईश्वर का सानिध्य नहीं मिलता सत्संग के असर से सराबोर प्राणी ईश्वर के करीब हो जाता है। बाल्मिकी जैसे डाकूओ का स्वभाव बदल जाता है।शास्त्र सम्मत मत यही कि बिना गुरु के मोक्ष नहीं मिलता।सत्संग प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए मिश्र ने बताया कि बाबा उमाकांत जी महाराज ने आप सभी से अपील की है कि सभी लोग शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्ति हो जाओ आगे ऐसी लाइलाज बीमारियां आ रही है जिनका इलाज डॉक्टरों के पास नहीं है



आने वाला समय बहुत ही खराब है। बचने के लिए जयगुरूदेव जयगुरूदेव नाम का सुमिरन ही सब प्रकार की तकलीफों से मुक्त करेगा।सनद रहे कि प्रति वर्ष होने वाले बाबा जयगुरुदेव मुक्ति दिवस आयोजन में सैकड़ों की तादात में सत्संगी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से सत्य प्रकाश शुक्ल,सर्वेश कुमार, असोहा ब्लॉक प्रमुख आनंद गुप्ता, दीपांशु चौधरी, मोहन काका, नगर पंचायत अध्यक्षा रेनू गुप्ता, योगेंद्र द्विवेदी, बाल शंकर त्रिपाठी, राम सनेही कुशवाहा, जगदीश पटेल,राजेंद्र प्रसाद शुक्ला नीलम रानी गुप्ता, शीला शर्मा सहित सैकड़ों महिलाएं शमिल हुई।

# बदलते मौसम में अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला अस्पताल में मंगलवार को मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि देखी गई। बदलते मौसम के कारण बुखार और डायरिया के मरीजों की भीड़ इमरजेंसी वार्ड में उमड़ पड़ी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, मात्र छह घंटे के भीतर 20 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे, जिनमें बच्चों की संख्या सर्वाधिक थी। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि तापमान में उतार-चढ़ाव और बढ़ती गर्मी के कारण पेट से संबंधित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इन दिनों डायरिया, उल्टी-दस्त और बुखार के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। छोटे बच्चे विशेष रूप से इसकी चपेट में आ रहे हैं, हालांकि बुजुर्ग मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक डॉक्टर ने जानकारी देते हुए कहा, ₹मौसम बदलने की वजह से डायरिया के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। बुखार और जुकाम संबंधित समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है, जिसमें बच्चों की संख्या अधिक है। इसी कारण इमरजेंसी वार्ड में भीड़ बढ़ गई है। उन्होंने यह भी बताया कि मरीजों को तुरंत बेड उपलब्ध कराने के लिए एक बेड पर दो मरीजों को भी लिटाकर इलाज करना पड़ रहा है, ताकि कोई इलाज से वंचित न रहे। सुबह से अब तक लगभग 20 मरीज अस्पताल पहुंच चुके हैं और मरीजों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। अस्पताल प्रशासन ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए इलाज की व्यवस्था बढ़ा दी है और मरीजों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। डॉक्टरों ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।उन्होंने कहा कि डायरिया जैसी समस्या का शुरूआती इलाज घर पर भी संभव है, लेकिन लापरवाही खतरनाक हो सकती है।लोगों को तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए और शरीर में पानी की कमी न होने दें। समय-समय पर साफ पानी पीते रहें तथा ग्लूकोन-डी और इलेक्ट्रॉल पाउडर जैसे ओरल रिहाइड्रेशन घोल का उपयोग करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना, बाहर का बासी या खुला खाना खाने से बचना और बच्चों को स्वच्छ पानी पिलाना बेहद जरूरी है। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गंभीर लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संपर्क करें, ताकि समय रहते उपचार मिल सके।

# तहसील प्रशासन और भूमाफिया की मिली भगत से ईंट भट्ठा मालिक की जमीन पर कब्जे का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद की सदर तहसील एक बार फिर विवादों के केंद्र में है, जहां प्रशासनिक मशीनरी पर ही जमीन कब्जाने के संगठित खेल में शामिल होने के सनसनीखेज आरोप लगे हैं। मेसर्स जय गणेश ब्रिक फील्ड की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में एसडीएम के अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों पर फर्जी व्यक्तियों के नाम जमीन चढ़वाकर अवैध खरीद-फरोख्त कराने का गंभीर आरोप लगाया गया है। प्रार्थिनी उमा पत्नी ओमप्रकाश, जो कि फर्म की प्रबंधक हैं, ने आरोप लगाया है कि नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, नायब अनुपमा सिंह और लेखपाल सत्यम शुक्ला समेत कई लोग मिलकर एक संगठित गिरोह की तरह कार्य कर रहे हैं। इन पर आरोप है कि असली मालिक फर्म का नाम खतौनी से हटवाकर मृतक पार्टनर रामचरन के वारिसों के नाम फर्जी तरीके से दर्ज करा दिया गया, जबकि यह पूरा मामला उपजिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, क्षितिज द्विवेदी के न्यायालय में अपील (14/2/121) लंबित होने के बावजूद एसडीएम द्वारा अलग से कब्जा कराने के लिए टीम भेजी जा रही है, जो न्यायिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि तहसील सदर उन्नाव में पैमाइश और अन्य कार्य प्राइवेट लड़कों से कराए जा रहे हैं, जो पूरी तरह नियमों के विपरीत है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि इन सभी कार्यों को क्षितिज द्विवेदी के संरक्षण में अंजाम दिया जा रहा है, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर संदेह गहराता जा रहा है। मामले ने तब और गंभीर मोड़ ले लिया जब आरोप लगाया गया कि बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया—जैसे हदबंदी, धारा 24 या 134 के तहत बेदखली—के, तहसील प्रशासन पुलिस बल के साथ जमीन पर कब्जा कराने पहुंच गया। प्रार्थना पत्र के अनुसार, कई दिनों से लगातार दबाव बनाकर पैमाइश और कब्जे की कोशिशें की जा रही हैं, जिसका वीडियो साक्ष्य भी मौजूद बताया गया है। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि नायब तहसीलदार स्वयं जेसीबी, ट्राली, सीमेंट के खंभे और कांटेदार तार लेकर मौके पर पहुंचे, जिससे जबरन कब्जे की तैयारी स्पष्ट होती है। प्रार्थिनी का दावा है कि अधिकारियों ने खुलेआम कहा कि जैसे फर्म का नाम रिकॉर्ड से हटवाया गया है, वैसे ही जमीन पर कब्जा कर उसे बेच दिया जाएगा और उसमें हिस्सा लिया जाएगा। प्रार्थिनी ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान-माल की धमकियां दी जा रही हैं। यहां तक कि अधिकारियों द्वारा अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए महिला होने का फायदा उठाकर डराने-धमकाने की कोशिश की गई। इतना ही नहीं, 30 जनवरी 2026 को एक कथित अवैध आदेश के जरिए फिर से वारिसों के नाम दर्ज कर दिए गए, जबकि अपील पहले से लंबित थी। आरोप है कि इस आदेश पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए, जो पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बनाता है। पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही फर्म की संपत्ति की सुरक्षा और परिवार की जान-माल की रक्षा की भी गुहार लगाई गई है। अब सवाल यह उठता है कि क्या उन्नाव में प्रशासन खुद ही कानून को ठेंगा दिखाकर जमीनों का खेल खेल रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर संगठित तरीके से कब्जा कराने में लगे हैं? जनता की नजरें अब जिलाधिकारी की कार्रवाई पर टिकी हैं—क्या इस गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

# 42 दिनों का मेगा ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक किया गया घोषित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेलवे प्रशासन ने कानपुर-कानपुर पुल बायां किनारा के मध्य स्थित पुल संख्या-110 (डाउन लाइन) पर मरम्मत कार्य के लिए 42 दिनों का मेगा ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक घोषित किया है। यह ब्लॉक 2 अप्रैल से 13 मई तक प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक लागू रहेगा।

इस दौरान पुराने स्टील ट्रफ हटाकर एच-बीम स्लीपर लगाए जाएंगे, जिससे रेल संरचना को अधिक सुरक्षित और मजबूत बनाया जा सके।इस मेगा ब्लॉक के चलते लखनऊ, कानपुर और आसपास के रूटों पर चलने वाली कई मेमू, पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें पूरी तरह निरस्त कर दी गई हैं।झांसी-लखनऊ मेमू, कानपुर-रायबरेली पैसेंजर, लखनऊ-कानपुर मेमू सहित कुल 42 लोकल ट्रेनों के ट्रिप्स रद्द रहेंगे। इसके अतिरिक्त, झांसी-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस और कानपुर-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस भी निर्धारित अवधि में पूरी तरह निरस्त रहेंगी।

कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को आंशिक रूप से कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर समाप्त या प्रारंभ किया जाएगा। पुणे-लखनऊ सुपरफास्ट तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस-लखनऊ एसी सुपरफास्ट जैसी ट्रेनों का संचालन सीमित रूप में किया जाएगा। वहीं, बालामऊ-कानपुर पैसेंजर ट्रेन उन्नाव जंक्शन तक ही चलेगी और यहीं से वापस संचालित होगी। इसके अलावा, कई प्रमुख ट्रेनों के मार्ग भी परिवर्तित किए गए हैं। नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस तथा आनंद विहार-अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को गाजियाबाद-मुरादाबाद मार्ग से चलाया जाएगा।इससे ये ट्रेनें कानपुर सेंट्रल समेत कुछ स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी।

नीलाचल एक्सप्रेस, सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस और अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों को भी प्रयागराज या वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य यात्रियों की सुरक्षा और रेल पुल की मजबूती के लिए आवश्यक है।यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। इस मेगा ब्लॉक के कारण उन्नाव, कानपुर और लखनऊ रूट के दैनिक यात्रियों को अगले डेढ़ महीने तक असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

## सीबीएसई बोर्ड के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। सीबीएसई बोर्ड के शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन सेरवईया स्थित पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी मेमोरियल एकेडमी इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कन्नौज पब्लिक स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल, न्यू एरा स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पीएसटी मेमोरियल एकेडमी एलएसडीपी स्कूल, एनएससी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में विस्तार से परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन बाल विद्या मंदिर लखनऊ के प्रधानाचार्य आर० के० पाण्डेय ने किया। जेएमडी वर्ल्ड स्कूल कानपुर की शिक्षिका मीतू जायसवाल ने प्रशिक्षण में विशिष्ट सहभागिता करके कार्यशाला को उपयोगी बनाया। कार्यक्रम में प्रबंधक सतीश त्रिपाठी, केंद्रीय विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आर्यन मिश्रा, ऐश्वर्या मिश्रा, अतुल कुमार द्विवेदी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। खेत में खड़ी किसान की फसल में आग लगने से अफरा तफरी मच गई तमाम ग्रामीणों व दमकल टीम ने आग पर काबू पाया किंतु तब तक काफी फसल जलकर खाक हो गई। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव लहरा पुर निवासी रामकिशोर पुत्र स्वामी दयाल के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में मंगलवार को दोपहर करीब अचानक आग लग गई व तेज धुवां तथा लपटे उठने लगी जिसकी जानकारी होते ही तमाम ग्रामीण आनन फानन में मौके पर एकत्र हो गए तथा दमकल को सूचना दी गई जिसके बाद दमकल टीम व ग्रामीणों के सहयोग से पानी आदि की बौछार कर आग पर काबू पा लिया गया किंतु इस दौरान किसान के खेत का एक हिस्सा जलकर खाक हो गया। गनीमत रही घटना के समय तमाम ग्रामीण आसपास मौजूद थे अन्यथा आग यदि फैलती तो कई किसानों की फसलें भी चपेट में आ सकती थी।

## प्रधान प्रतिनिधि के आग्रह पर परिवहन सेवा हुई संचालित

अमन लेखनी समाचार

मौरावा, उन्नाव। गांव का मुखिया अगर पढ़ा लिखा हो तो गांव मे विकास होना स्वाभाविक है यहां नजारा हिलोली ग्राम मे देखने को मिलता है गांव मे एक कहावत है अगर गांव का मुखिया पढ़ा लिखा हो तो गांव का विकास होना निश्चित है यह एक कहावत ही नहीं कथन भी सही है हिलौली ग्राम प्रधान पुष्पा देवी पति जो प्रधान प्रतिनिधि भी है सामाजिक एवं राजनैतिक का अध्ययन ठीक होने के कारण ग्राम सभा के विकास को लेकर हरदम उच्च अधिकारियो एवं राजनैतिक जगहों पर चर्चा किया करते है जिस कारण गाव का विकास दिखता है हलाकि नेक कार्य का विरोध होना स्वाभाविक है हाल मे लखनऊ के एक शादी समारोह मे प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री से भेट के दौरान प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी ने हिलोली ग्राम से कानपुर बस चलवाने के लिए आग्रह किया जिस पर परिवहन मंत्री ने एक सप्ताह के अंदर बस चलवाने का आश्वासन दिया था और उक्त मार्ग पर बस चलने लगी जिस पर ग्राम वासियो ने खुशी जाहिर किया महेश सोनी ने परिवहन मंत्री को आभार ब्यक्त करते हुए कहा मंत्री जी से पहली मुलकात हुई मेरा आग्रह को स्वीकार किया मे उन्हें धन्यवाद देता हू सोनी ने बताया कि माननीय मंत्री जी ने विधायक कि प्रशंसा किया और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नरायण दीक्षित को अपना गुरु बताया

## रामसमरणम कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम तमोरिया बुजुर्ग में राष्ट्रोत्थान गुरुकुलम द्वारा चैत्र माह के पावन अवसर पर बीते सोमवार को रामस्मरणम्कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण, लोक संस्कृति का संरक्षण तथा काव्य परंपरा को प्रोत्साहन देना रहा।कार्यक्रम में हिंदी भाषी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित कवि एवं कवयित्रियों ने सहभागिता कर अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। देवरिया से पधारीं आकृति विज्ञ ने भगवान राम के जीवन पर आधारित अत्यंत मार्मिक एवं सुंदर गीत प्रस्तुत किए। साथ ही उन्होंने चैत्र माह की लोक परंपरा को जीवंत करते हुए चैता गीत का भी सुमधुर गायन किया। कानपुर के मयंक शुक्ल ने मंच संचालन करते हुए काव्य पाठ से श्रोताओं को अत्यंत प्रभावित किया। लखीमपुर खीरी से आईं शिवा अवस्थी ह्यशिवाह्न ने लोक गीत प्रस्तुत कर मंच को और ऊंचाई प्रदान की।शिवम श्रीवास्तव ने भी अपने प्रभावी काव्य पाठ से आयोजन को समृद्ध किया। आचार्य योगेश के कुशल प्रबंधन एवं संयोजन में आयोजित गुरुकुलम की इस पहल को क्षेत्र में व्यापक सराहना प्राप्त हो रही है।

**अमेरिका-इजराइल वर्सेस ईरान युद्ध विगत एक महीने से अपनी संपूर्ण विनाशकारी सैन्य शक्ति के साथ निरंतर जारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 दिनों के लिए ईरान के ऊर्जा उपक्रमों पर विध्वंसकारी आक्रमण अंजाम नहीं देने का ऐलान किया है। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी और मानवीय भी हैं। फिलहाल देश में पेट्रोल -डीजल का तो कोई तत्काल संकट नहीं है, किंतु कतर का लिक्विड नेचुरल गैस उत्पादन एकदम बंद हो जाने के कारण भारत में लिक्विड नेचुरल गैस और एलपीजी का संकट अवश्य उत्पन्न हो गया है। साफ है कि अब इस संकट का असर वैश्विक सप्लाई चेन, ऊर्जा आपूर्ति और बाजारों पर देखने को मिल रहा है। एकमात्र राहत यह है कि कुछ देशों के पास भंडार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत हैं, लेकिन अगर यह संघर्ष लंबा चला तो एशिया की अर्थव्यवस्था के लिए यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। उधर, भारत के पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के तहत इन मुद्दों को चुनावी रंग देकर लेकर विपक्ष लगातार मौजूदा सरकार को घेरने में लगा हुआ है, लेकिन फिलहाल केन्द्र सरकार ने अभी तक तो स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है। क्या भारत इस संकट की स्थिति से उबर पाएगा, इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...**

# ऊर्जा संकट की असली चुनौती अभी बाकी



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेशी मामलों के जानकार

> **अमेरिका द्वारा फिलहाल ईरानी तेल के निर्यात पर पाबंदी समाप्त कर देने का सबसे अधिक फायदा जिन देशों को भविष्य में उपलब्ध हो सकता है, उनमें भारत भी एक प्रमुख देश है। खाड़ी जंग प्रारंभ होने के बाद विश्व पटल पर एनर्जी मार्केट पर जबरदस्त संकट बढ़ गया है और अमेरिका द्वारा समुद्र में कार्गो जहाज में विद्यमान ईरानी तेल के निर्यात से यह विकट संकट कुछ कम हो सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत को अपनी आवश्यकता के 90 प्रतिशत पेट्रोल और डीजल के लिए अंतरराष्ट्रीय आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।**

ईरान के विरुद्ध इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को प्रारंभ किया गया संयुक्त आक्रमणकारी युद्ध विगत एक महीने से अपनी संपूर्ण विनाशकारी सैन्य शक्ति के साथ निरंतर जारी है। यदि यह विनाशकारी युद्ध भविष्य में भी इसी गति से चलता रहा तो फिर पहले से आच्छादित हो चुका वैश्विक ऊर्जा संकट अत्यंत विकट और विकराल स्थिति में पहुंच जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 5 दिनों के लिए और फिर 10 दिनों के लिए ईरान के ऊर्जा उपक्रमों पर विध्वंसकारी आक्रमण अंजाम नहीं देने का ऐलान किया है। साथ ही यह चेतावनी भी जारी की है कि यदि ईरान द्वारा भविष्य में खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर ईरान द्वारा आक्रमण किया जाता है तो फिर अमेरिका ईरान के गैस और तेल निर्माण के ठिकानों पर भयंकर आक्रमण अंजाम देगा और उसके तमाम ऊर्जा उपक्रमों को नष्ट कर देगा। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने दावा पेश किया है कि ईरान के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता निरंतर जारी है।

## भारत पर भी पड़ रहा प्रभाव

युद्ध के कारणवश उत्पन्न हुई वैश्विक ऊर्जा संकट के चलते हुए भारत पर भी इसका जबरदस्त प्रभाव स्थापित हो गया है। फिलहाल भारत में पेट्रोल और डीजल का तो कोई तत्काल संकट उपस्थित नहीं हुआ है। भारत सरकार के अनुसार अभी दो महीनों का पेट्रोल और डीजल स्ट्रैटेजिक रिजर्व के तौर पर भारत के पास विद्यमान है। किंतु कतर का लिक्विड नेचुरल गैस उत्पादन एकदम बंद हो जाने के कारण भारत में लिक्विड नेचुरल गैस और एलपीजी का संकट अवश्य उत्पन्न हो गया है।

वैश्विक ऊर्जा संकट के मध्य एक शुभ समाचार आया कि अमेरिका ने ईरान के क्रूड ऑयल निर्यात पर आयद की गई अंतरराष्ट्रीय पाबंदी को अस्थाई तौर पर स्थूल कर देने का ऐलान किया है। अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में फरमाया है कि डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा फिलहाल समुद्र में खड़े हुए ईरान के तेल जहाज पर आयद पाबंदी में अस्थायी तौर पर ढील प्रदान करने का फैसला लिया है। से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों बैरल तेल की सप्लाई प्रारंभ हो सकती है।

## तेल के निर्यात पर पाबंदी हटी

इस युद्ध के कारण शिपिंग और क्रूड ऑयल निर्यात में उत्पन्न हुई गंभीर रुकावट की क्षतिपूर्ति भी हो सकती है। अमेरिका द्वारा फिलहाल ईरानी तेल के निर्यात पर पाबंदी समाप्त कर देने का सबसे अधिक फायदा जिन देशों को भविष्य में उपलब्ध हो सकता है, उनमें भारत भी एक प्रमुख देश है। खाड़ी जंग प्रारंभ होने के बाद विश्व पटल पर एनर्जी मार्केट पर जबरदस्त संकट बढ़ गया है और अमेरिका द्वारा समुद्र में कार्गो जहाज में विद्यमान ईरानी तेल के निर्यात से यह विकट संकट कुछ कम हो सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत को अपनी आवश्यकता के 90 प्रतिशत पेट्रोल और डीजल के लिए अंतरराष्ट्रीय आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। स्कॉट बेसेंट के अनुसार समुद्र में फिलहाल अभी 17 करोड़ बैरल तेल के कार्गो विद्यमान हैं। भले ही ईरानी क्रूड ऑयल की अंतरराष्ट्रीय बिक्री के लिए 10 से 15 दिनों तक छूट क्यों ना प्रदान की जा सकती है। अमेरिकन खरीदारों तक इसके पहुंच की मंजूरी प्रदान करने से क्रूड ऑयल सप्लाई की दिक्कतें कम होने और कीमतों को नियंत्रित करने में निश्चित तौर पर निर्णायक मदद मिल सकती।

## चीन सबसे बड़ा खरीदार

इस कदम से ईरान का जो तेल चीन में जा रहा है, वो क्रूड ऑयल दूसरे एशियाई देशों की तरफ भी अपना रुख मोड़ सकता है। इससे चीन को बाजार दर पर तेल खरीदना पड़ सकता है। साथ ही भारत, जापान, मलेशिया, फिलिपींस आदि दक्षिण एशिया के देशों के लिए क्रूड ऑयल उपलब्ध हो सकेगा। चीन अभी तक ईरानी क्रूड ऑयल का सबसे बड़ा खरीदार रहा है। फिलहाल तो भारत की रिफाइनरियों ने समुद्र में विद्यमान कार्गो जहाजों पर लदे हुए लाखों बैरल रूसी क्रूड ऑयल को ही खरीदा है। खाड़ी देशों से आयातित होने वाले क्रूड ऑयल का अधिकांश हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। फिलहाल युद्ध के जारी रहते हुए होर्मुज स्ट्रेट से कार्गो जहाजों की आवाजाही अत्यंत बाधित हो चुकी है। 2018 में ईरान पर सख्त अंतरराष्ट्रीय पाबंदियां आयद किए जाने से पहले तक भारत द्वारा कुल आयातित क्रूड ऑयल का तकरीबन 15 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात किया जाता था। अमेरिकन वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के मुताबिक इस वक्त तकरीबन ईरान का 17 करोड़ बैरल क्रूड ऑयल समुद्र में कार्गो शिप्स पर विद्यमान है। ईरान का यह समस्त तेल पहले से अनुबंधों से कदाचित बंधा हुआ नहीं है। ईरानी क्रूड ऑयल का एक हिस्सा इस समय विक्रय के लिए तैयार है। अगर अमेरिका द्वारा इन पाबंदियों को ढीला कर दिया जाता है अथवा उनका शक्ति से पालन नहीं होता तो फिर इस क्रूड ऑयल की अतिरिक्त सप्लाई अंतरराष्ट्रीय मार्केट में आ सकती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिफाइनरियां ईरानी तेल को अपने सिस्टम में लाने के लिए सक्षम रही हैं और उसके प्रोसेसिंग के लिए बहुत कम ऑपरेशन बदलाव की आवश्यकता होगी। भारतीय रिफाइनरियों के पास पहले से ही ईरानी क्रूड ऑयल को प्रोसेस करने का बाकायदा अनुभव और तकनीक उपलब्ध रही है।

## रिफाइन तेल निर्यात जारी

देखा जाए तो विश्व पटल पर भारत वस्तुतः क्रूड ऑयल को रिफाइन करने वाला सबसे बड़ा चौथा देश है। क्रूड तेल और गैस सप्लाई में विकट बाधाओं का सामना करते हुए भी भारत ने चीन की तरह रिफाइन तेल के अंतरराष्ट्रीय निर्यात पर रोक आयद नहीं की है। हालांकि भारत के समक्ष भी ऊर्जा संकट की कड़ी चुनौतियां विद्यमान हैं। फिलहाल तो भारत के सामने पेट्रोल-डीजल की समुचित सप्लाई का कोई तत्कालीन संकट उपस्थित नहीं है, किंतु युद्ध जारी रहता है तो फिर भारत में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पर विकट संकट का सामना करना पड़ सकता है। ईरान पर आयद पाबंदियों को ढीला करने के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री के ऐलान को अमलीजामा पहनाने में अभी और वक्त लग सकता है, क्योंकि उनके ऐलान पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कोई स्पष्ट ऐलान नहीं किया गया है।



# तथ्यात्मक मुद्दों पर वोट करें मतदाता



जागरूकता

योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

आगामी कुछ दिनों में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको लेकर पक्ष-विपक्ष पूरी ताकत लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इन चुनावों में सत्ता पक्ष के लिए चुनौती थोड़ी ज्यादा इसलिए बढ़ी हुई है, चूंकि इस समय ऊर्जा संकट को लेकर माहौल बना हुआ है। अब सवाल यही है कि क्या विपक्ष धरातल व तथ्यात्मक मुद्दों के साथ ऊर्जा संकट का तड़का लगाकर सत्ता पक्ष को घेरता है और वहीं इसके विपरीत सत्ता पक्ष यह बताने में सार्थक हो पाता है कि सब ठीक है।

## संसाधनों की मांग बढ़ी

जैसा कि मिडिल ईस्ट तनाव की वजह से देश में ऊर्जा संकट के दौरान बिजली, कोयला, पेट्रोल, या गैस जैसे ऊर्जा संसाधनों की मांग उनकी कुल आपूर्ति से थोड़ी अधिक हो गई। इसकी वजह से ईंधन की कमी के कारण उद्योग, परिवहन, और घरेलू उपयोग की चीजों पर थोड़ा प्रभाव पड़ गया है और यदि यह प्रकरण लंबा चला तो स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। इन मुद्दों को चुनावी रंग देकर लेकर विपक्ष लगातार मौजूदा सरकार को घेरने में लगा हुआ है, लेकिन फिलहाल केन्द्र सरकार ने अभी तक तो स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है। इस मामले को लेकर जनता को यह समझना होगा कि यह कोई स्थायी समस्या नहीं है और यह आज नहीं तो कल खत्म हो जाएगी, लेकिन वोट देने वाले लोगों को यह समझना होगा कि वह अपने उन मुद्दों पर वोट करें, जिससे वह पांच सालों से संतुष्ट या असुंष्ट रहे हैं। जनता को यह भी समझना होगा कि यह एक वैश्विक स्तर की आपदा है।

> **उम्मीदवार की ईमानदारी, उसकी विचारधारा और उसके द्वारा किए गए वादों की व्यावहारिकता पर बहुत कुछ निर्भर करता है, चूंकि कहीं ऐसे नेता भी होते हैं जो पार्टी में रहते हुए उस विचारधारा के विपरित होते हैं।**

## विश्व पटल पर प्रयास

इसके निवारण के लिए विश्व पटल पर प्रयास भी किया जा रहा है और यदि इस वजह से कुछ समय की लिए देश गति धीमी अर्थात महंगाई बढ़ना या संसाधनों में कमी भी आ जाती है तो इस मुद्दे को लेकर वोट करने पर अपनी विचारधारा न बांधे चूंकि आप जिन मुद्दों को बीते पांच वर्षों से गहनता के साथ समझ रहे हैं, चाहे वो सकारात्मक हो या नकारात्मक उस पर अपनी विचारधारा के साथ अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। जनता को वोट डालते समय अपनी तरक्की, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, और स्थानीय विकास जैसे सड़क, बिजली, पानी के मुख्य मुद्दों को मद्देनजर रखते हुए अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उम्मीदवार की ईमानदारी, उसकी विचारधारा और उसके द्वारा किए गए वादों की व्यावहारिकता पर बहुत कुछ निर्भर करता है, चूंकि कहीं ऐसे नेता भी होते हैं जो पार्टी में रहते हुए उस विचारधारा के विपरित होते हैं, लेकिन अपनी क्षेत्रीय जनता के लिए काम बहुत बेहतर करते हैं। इन चुनावों में कई मौजूदा मुख्यमंत्रियों के लिए भी यह मुकाबला ऐतिहासिक साबित हो सकता है। ममता बनर्जी चौथी बार लगातार सत्ता में लौटने का लक्ष्य लेकर मैदान में हैं।

## लगातार जनादेश पाने की कोशिश

वहीं, एम के स्टालिन दूसरी बार लगातार जनादेश पाने की कोशिश कर रहे हैं। हेमंत बिसवा भी असम में दूसरी बार सरकार बनाने की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि पिनाराई विजयन केरल में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे तो हर राज्य का चुनाव महत्त्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का चुनाव पक्ष-विपक्ष के लिए वर्चस्व की लड़ाई मानी जाती है। जैसा कि पश्चिम बंगाल का चुनाव फिर से हर बार की तरह मुद्दों से कहीं परे होगा। यहां का चुनाव तो भारत-पाकिस्तान के मैच की तरह रोमांच बनाता है। चूंकि यहां की जनता के मस्तिष्क में पार्टियों ने मुद्दों के अलावा केवल वजूद की लड़ाई को भर रखा है। बहरहाल, हर मतदाता को अपनी सूझबूझता के साथ गुणवत्ता के आधार पर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और यह समझना चाहिए कि केंद्र में बैठी सरकार को अपने देश की चिंता होती है। वह हर स्थिति में संतुलन बनाए रखने का प्रयास करती है। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि विषम परिस्थियों में धैर्य और विश्वास ही काम आता है।

# तंगी है पर घरेलू भंडारण से उम्मीद



चिंतन

सुशील देव

स्वतंत्र पत्रकार

दुनिया का तेल भंडार, जिसे हम तेल रिजर्व कहते हैं, वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है। यह कच्चा तेल यानी क्रूड ऑयल जमीन के अंदर, खासकर समुद्री सतह के नीचे पाया जाता है। इसका निर्माण लाखों-करोड़ों वर्षों में समुद्री जीवों और वनस्पतियों के अवशेषों पर दबाव और तापमान के प्रभाव से होता है। यही कारण है कि तेल एक सीमित प्राकृतिक संसाधन माना जाता है। तेल रिजर्व के काम को तीन मुख्य चरणों में समझा जा सकता है- खोज, उत्पादन और भंडारण। सबसे पहले वैज्ञानिक आधुनिक तकनीकों, जैसे सिस्मिक सर्वे के जरिए यह पता लगाते हैं कि जमीन के नीचे तेल कहां मौजूद हो सकता है। इसके बाद ड्रिलिंग यानी कुओं की खुदाई करके कच्चा तेल बाहर निकाला जाता है।

## उन्नत तकनीक और भारी निवेश की जरूरत

यह प्रक्रिया काफी जटिल और महंगी होती है, जिसमें उन्नत तकनीक और भारी निवेश की जरूरत होती है। निकाले गए कच्चे तेल को रिफाइनरियों में भेजा जाता है, जहां उसे पेट्रोल, डीजल, केरोसिन और अन्य उपयोगी उत्पादों में बदला जाता है। लेकिन केवल उत्पादन ही पर्याप्त नहीं होता। हर देश भविष्य की जरूरतों और आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए तेल का भंडारण भी करता है, जिसे स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व यानी एसपीआर कहा जाता है। अमेरिका, चीन और भारत जैसे बड़े देश अपने-अपने स्तर पर बड़े पैमाने पर तेल का भंडारण करते हैं। इसका उद्देश्य यह है कि यदि युद्ध, प्राकृतिक आपदा या आपूर्ति में बाधा जैसी स्थिति उत्पन्न हो, तो देश को ऊर्जा संकट का सामना न करना पड़े। भारत ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दक्षिण भारत के विशाखापत्तनम, बेंगलुरु और पादुर जैसे स्थानों पर रणनीतिक तेल भंडार विकसित किए गए हैं। ये भंडार आपात स्थिति में देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक साबित होते हैं।

> *तेल रिजर्व संकट के समय मजबूत 'बफर' का काम करते हैं। यदि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति और नीतियां संतुलित रहें, तो इनकी मदद से कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।*

## घरेलू भंडारण क्षमता काफी मजबूत

यह भी स्पष्ट है कि भारत की घरेलू भंडारण क्षमता पहले की तुलना में काफी मजबूत हुई है। इसके साथ ही, भारत का सीमित घरेलू उत्पादन और विभिन्न देशों के साथ अच्छे संबंधों के चलते कच्चे तेल का आयात भी संतुलित बना हुआ है। यही कारण है कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की ऊर्जा स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है। तेल रिजर्व केवल ऊर्जा आपूर्ति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका सीधा असर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी कारण से तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो कीमतों में तेजी से वृद्धि होती है। ऐसे समय में देश अपने रणनीतिक भंडार से तेल जारी करके बाजार में आपूर्ति बढ़ाते हैं, जिससे कीमतों के अत्यधिक बढ़ने को कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

## बाजार को स्थिर रखने की कोशिश

हाल के युद्ध जैसे हालात जैसे ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच तनाव ने एक बार फिर यह दिखाया है कि तेल रिजर्व कितने महत्वपूर्ण हैं। भारत सहित कई देशों ने अपने भंडार का उपयोग कर बाजार को स्थिर रखने की कोशिश की है। केंद्र सरकार का दावा है कि देश में पेट्रोल और डीजल का लगभग 60 दिनों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि तेल रिजर्व एक स्थायी समाधान नहीं हैं। इनकी मात्रा सीमित होती है और लंबे समय तक संकट रहने पर इनका असर कम हो सकता है। इसके अलावा, तेल की कीमतें काफी हद तक तेल उत्पादक देशों के संगठन, ओपेक की नीतियों पर भी निर्भर करती हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि तेल रिजर्व युद्ध और संकट के समय एक मजबूत 'बफर' का काम करते हैं। यदि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति और नीतियां संतुलित रहें, तो इनकी मदद से कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# पश्चिम एशिया युद्ध अर्थव्यवस्था पर बढ़ाएगा दबाव



चुनौती

रवि शंकर

स्वतंत्र स्तंभकार

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इसका असर अब एशियाई देशों पर साफ दिखने लगा है। एशिया के ज्यादातर देश तेल और गैस के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर हैं, इसलिए सप्लाई में रुकावट आते ही कीमतें बढ़ गई हैं। इसका सीधा असर इन देशों के खर्च, व्यापार और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

ऊर्जा की कीमतें बढ़ना सिर्फ पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहता। इसका असर ट्रांसपोर्ट, बिजली, खेती और खाने-पीने की चीजों तक पहुंचता है। गैस की कमी से फर्टिलाइजर उत्पादन प्रभावित होता है, जिससे खेती महंगी हो जाती है और फूड प्राइस बढ़ने लगते हैं। ऐसे में तेल की कीमत बढ़ते ही आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ता है। इस संकट का असर एक नहीं, बल्कि चार बड़े चैनलों से एशिया तक पहुंच रहा है। पहला, तेल और गैस के आयात महंगे हो रहे हैं। दूसरा, ट्रांसपोर्ट और हवाई यात्रा बाधित हो रही है, जिससे टूरिज्म पर असर पड़ रहा है।

तीसरा, पश्चिम एशिया से आने वाली रेमिटेंस में कमी का खतरा है। और चौथा, वित्तीय बाजारों में डर बढ़ रहा है, जिससे निवेश कम हो सकता है। इन चारों का संयुक्त असर अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में उभरे इस संकट से भारत भी अछूता नहीं। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी एशिया में उपजे संकट पर लोकसभा में बात रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ता तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम लोगों के जीवन पर प्रतिकूल असर डाल रहा है, जिसका प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है।

साफ है कि अब इस संकट का असर वैश्विक सप्लाई चेन, ऊर्जा आपूर्ति और बाजारों पर देखने को मिल रहा है। बता दें, भारत अपने कच्चे तेल का 90 प्रतिशत दूसरे देशों से आयात करता है, जबकि एलपीजी 60 प्रतिशत और एलएनजी का आधे से अधिक आयात होता है। यह आपूर्ति मुख्यतः खाड़ी देशों से ही होती है। इस आयात का ज्यादातर हिस्सा केवल एक अस्थिर क्षेत्र यानी पश्चिम एशिया से आता है। यही कारण



> **भारत अपने कच्चे तेल का 90 प्रतिशत दूसरे देशों से आयात करता है, जबकि एलपीजी 60 प्रतिशत और एलएनजी का आधे से अधिक आयात होता है।**

है कि इस क्षेत्र में किसी भी रुकावट को नीति निर्माताओं और तेल कंपनियों के लिए तत्काल चिंता का विषय बना देता है। फिर भी, भारत के ऊर्जा योजनाकारों का तर्क है कि 1970 दशक के खाड़ी संकटों की तुलना में आज देश ऐसी बाधाओं से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है। पिछले कुछ वर्षों में भारत किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम करने के लिए जानबूझकर अपनी कच्चे तेल की स्रोत रणनीति में विविधता लाया है। भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र भविष्य के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत जैसे देश भारत के दीर्घकालिक कच्चे तेल अनुबंधों का एक बड़ा हिस्सा आपूर्ति करते हैं। इन देशों से आने वाला तेल जामनगर, वडीनार और पारादीप जैसे भारतीय बंदरगाहों तक पहुंचने से पहले होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। ऐसे में इस जलमार्ग के लंबे समय तक बंद रहने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ी हैं और मानवीय भी हैं। कुल मिलाकर, यह संकट एशिया के लिए एक डबल झटका बनकर सामने आ रहा है। एक तरफ महंगी ऊर्जा और बढ़ती महंगाई, और दूसरी तरफ धीमी होती आर्थिक ग्रोथ। दुनिया के कई ऐसे देश हैं, जहां इस संकट का असर दिखना शुरू हो गया है। एकमात्र राहत यह है कि कुछ देशों के पास भंडार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत हैं लेकिन अगर यह संघर्ष लंबा चला, तो एशिया की अर्थव्यवस्था के लिए यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## रणनीतिक स्वायत्तता की परीक्षा

ऐसे में पश्चिम एशिया का संकट केवल विदेश नीति की चुनौती नहीं है, बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की एक व्यापक परीक्षा है, जो ऊर्जा, खाद्य, समुद्री क्षेत्र, प्रवासी समुदाय और आर्थिक सुरक्षा के बीच गहरे अंतर्संबंधों को उजागर करती है। इससे मिलने वाला स्थायी सबक यह है कि लचीलापन बार-बार आने वाले झटकों से निपटने में नहीं, बल्कि विद्युतीकरण, विविधीकरण, घरेलू क्षमता निर्माण और दीर्घकालिक रणनीतिक दूरदर्शिता के माध्यम से बाहरी निर्भरता को व्यवस्थित रूप से कम करने में निहित है।

# वस्तुओं-सेवाओं पर आर्थिक मार से आम आदमी त्रस्त



दृष्टिकोण

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

यह कठोर सत्य है कि विज्ञान, प्रगति, तकनीक तथा आधुनिकता की अति ने लोगों व देशों के मतभेदों को भयंकर वैश्विक युद्धों में परिवर्तित कर दिया है। इजराइल और ईरान के मध्य लगभग एक महीने से युद्ध हो रहा है। अमेरिका भी इजराइल की ओर से युद्धरत है। युद्धक प्रक्षेपास्त्रों द्वारा हो रहे हमलों के कारण इजराइल, ईरान तथा अमेरिकी सैन्य संरचनाओं व अन्य संसाधनों को अपने यहां स्थापित करने वाले खाड़ी के देशों सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन, इत्यादि में हजारों लोग मर चुके हैं। हजारों की संख्या में बुरी तरह घायल हैं।

इन सभी देशों के महत्वपूर्ण शासकीय भवन, आवासीय परिसर तथा तेल व गैस की संरचनाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। लाखों मानवों के सामने भूख-प्यास से पीड़ित होते हुए दीर्घ विस्थापन का संकट पसर चुका है। इन देशों में अब तक चली आ रही जीवन की सामान्य गतिविधियां ठप हैं। अमेरिकी मिसाइलों द्वारा ईरान के परमाणु संवर्द्धन स्थलों, तेल-गैस की संरचनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण व्यावसायिक ठिकानों पर किए गये अनेक हमलों के कारण ईरान के माध्यम से यूरोप व एशिया को होने वाली तेल-गैस की आपूर्ति तात्कालिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि आगामी दिनों-महीनों के लिए भी बाधित हो गई है।

हालांकि वैश्विक तेल आपूर्ति में ईरान की हिस्सेदारी लगभग दो या तीन प्रतिशत है, किंतु दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पहुंचने वाला बीस प्रतिशत कच्चा तेल व द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ईरान, ओमान व संयुक्त अरब अमीरात की समुद्री सीमाओं के रास्ते होकर पहुंचता है। ईरान पर दशकों से लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत भी अपनी आवश्यकता का तेल व गैस रूस और इराक से खरीद रहा था, लेकिन भारत तक जो भी 40 प्रतिशत कच्चा तेल व 54 प्रतिशत से अधिक एलएनजी आती है, उसका आयात संकरे होर्मुज मार्ग से ही संभव हो पाता है। भूमध्य सागर की इस समुद्री पारिस्थितिकी के एक माह तक युद्ध में फंसे होने के कारण, दुनिया को निर्यात होने वाला तेल-गैस ठप हो गया था। अब, जब अमेरिका से लेकर भारत, चीन से लेकर




> **युद्ध के आलोक में भारत को देखें तो देश में तेल-गैस के क्षेत्र में कुछ सीमा तक आत्मनिर्भर होने के बाद भी, अभी भी, बड़ी मात्रा में हम आयात पर ही निर्भर हैं।**

रूस तथा यूरोप से लेकर पश्चिम व पूरे एशिया क्षेत्र में तेल-गैस की सुचारू आपूर्ति बाधित होने से, अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में ठहराव के गंभीर संकेत मिलने लगे हैं तो अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध को रुकवाने की कोशिशें होने लगी हैं। हालांकि युद्ध को रोकने के लिए पूरी दुनिया के प्रमुख देश प्रयास तो कर ही रहे थे, किंतु जिन देशों के अस्त्र-शस्त्र विनिर्माताओं व कारोबारियों के कारोबारी हित युद्ध को चलाये रखने के साथ जुड़े हुए थे, एक महीने तक उनके हथियारों की युद्धक खपत के बाद अर्थात युद्ध की बदौलत चलने वाले उनके कारोबारी फायदे के बाद, अब तेल-गैस की आपूर्ति बाधित होने से होने वाले अखिल वैश्विक नुकसान की समीक्षा होने लगी है।

वैश्विक ग्राम में परिवर्तित दुनिया के शीर्ष दस देशों की अर्थव्यवस्था की चमक केवल युद्ध होते रहने से नहीं बढ़ेगी। उत्तर आधुनिक काल के जीवन की सामान्य दैनिक गतिविधियों के बल पर ही यह चमक बढ़ेगी, इसलिए अब विशेषकर अमेरिका की ओर से युद्ध थामने की कोशिशें होने लगी हैं। यदि युद्ध के आलोक में भारत को देखें तो पूरी दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले इस देश में तेल-गैस के क्षेत्र में कुछ सीमा तक आत्मनिर्भर होने के बाद भी, अभी भी, बड़ी मात्रा में हम आयात पर ही निर्भर हैं, जो होर्मुज के युद्ध प्रभावित होने से एक माह की अवधि तक पिछड़ गई है। ऐसे में भारत के आम आदमी के सामने अनेक समस्याएं उभर रही हैं। तेल-गैस की सामान्य आपूर्ति नहीं हो पा रही। युद्धावधि के दौरान घरेलू व व्यावसायिक गैस की कीमतें भी बढ़ गई थीं। आगामी दिनों में भी कीमतें बढ़ सकती हैं। उद्योग आधारित अर्थव्यवस्था में तेल-गैस प्रमुख भूमिका में हैं। इनकी आपूर्ति में बाधा के कारण उद्योग, व्यापार में ठहराव है। परिवहन क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित है। आधुनिक जीवन व्यवस्था में एक वस्तु की आपूर्ति में संकट उत्पन्न होने से अनेक अन्य वस्तुओं-सेवाओं का व्यापार अवश्य प्रभावित होता है।

तेल व गैस मुख्य पांच आवश्यकताओं में शामिल हैं। भविष्य में ऐसे किसी भी संकट का सामना करने के लिए देश को ऊर्जा, ईंधन के क्षेत्र में पूर्णतः आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। भारत के शासनतंत्र में विपक्ष की भूमिका, वैश्विक युद्धों तथा प्राकृतिक संकटों की पुनरावृत्ति के बाद भी नागरिकों के प्रति दायित्वबोधी नहीं हो पा रही है। विपक्ष के कारण भारतीय लोकतंत्र के प्रति अधिसंख्य संवेदनशील नागरिकों में मौन गंभीर विद्रोह पसर रहा है।



संक्षेप

## घरौनी योजना से ग्रामीणों को मिल रहा मालिकाना हक

### 200 गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा, बांटे जाएंगे घरौनी प्रमाणपत्र

अमेठी , योगी सरकार की स्वामित्व और घरौनी योजना ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। इस योजना के तहत दशकों से अपनी जमीन के मालिकाना हक के लिए भटक रहे ग्रामीणों को अब सरकारी प्रमाण पत्र के साथ उनके घर का स्वामित्व मिल रहा है। अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जिले के 200 गांवों में अत्याधुनिक तकनीक और ड्रोन कैमरों के जरिए सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। इस सर्वे के बाद प्रशासन ने 'घरौनी' नामक प्रमाणिक अभिलेख तैयार किया है, जो ग्रामीणों को उनके मकान का वास्तविक मालिक बनाता है। इस स्वामित्व योजना से अब गांव में आबादी की जमीन को लेकर होने वाले छोटे-मोटे विवादों और कानूनी लड़ाइयों पर अंकुश लगेगा। इसके साथ ही, इस प्रमाण पत्र के जरिए ग्रामीण अब अपने घर पर बैंक से ऋण ले सकेंगे, जिससे स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। डीएम संजय चौहान ने आगे बताया कि ग्राम सभाओं में नाली, नाबदान और जमीनों को लेकर छोटे-छोटे झगड़े होते थे। घरौनी स्वामित्व योजना के तहत कराए जा रहे सर्वे से इन विवादों को सुलझाने में मदद मिलेगी। 200 से अधिक गांवों का सर्वे पूरा हो चुका है। यह योजना ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का दस्तावेज प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक बदलाव ला रही है। अब ग्रामीणों को अपनी जमीन पर कब्जे का डर नहीं सताएगा, जिससे उन्हें मानसिक सुरक्षा मिलेगी।

## सांसद ने गौरीगंज में की जनसुनवाई

### संगठनात्मक बैठकों में कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार किया

अमेठी , सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता भी की। सांसद ने सोशल मीडिया पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने संगठन की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। शर्मा ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए जनता की आवाज और सरकार की जनविरोधी नीतियों को व्यापक स्तर पर सार्वजनिक पटल पर रखा जा सकता है। उन्होंने पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही एक विशेष कार्यशाला आयोजित करने की घोषणा भी की।इसके बाद अमेठी संसदीय क्षेत्र के 131 न्याय पंचायत अध्यक्षों, 17 ब्लॉक अध्यक्षों और 7 नगर अध्यक्षों की बैठक हुई। सांसद ने कार्यकताओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही विकास की आधारशिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विकास कार्य कार्यकताओं की सहमति और सुझावों के आधार पर ही आगे बढ़ाए जा रहे हैं। आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने कार्यकताओं से पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

# कंचन कान्वेंट स्कूल मे वितरित किया गया वार्षिक परीक्षाफल

## सफल छात्र छात्राओ को वितरित किये गये शील्ड व मेडल

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच।स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा पर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के तहत विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को भी मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक एम0 श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों को संस्कारवान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सतत तत्पर है। समारोह के तहत जूनियर मे कक्षा आठ की छात्रा शिक्षा सिंह, दुआ बटूल, अभिलाष चौधरी ,श्रेया जयसवाल, शिवांश गुप्ता, दिव्या सोनी, आयुषी सिंह, लकी राजपूत ,नैना कौशल अवनी कौशिक, वंशिका शुक्ला ने कक्षा सात में वकार अंसारी, आस्था सिंह, आशुतोष विश्वकर्मा, लारेब अंसारी, आस्था श्रीवास्तव, अल्तमश कबीर, अमित कुमार यादव, यज्ञ त्रिपाठी, अतुल साहनी रजत वर्मा ने,कक्षा 6 में दिव्यांश गुप्ता तान्या राठौर, नूरी फातिमा, जीनत अंसारी , अदीबा सिद्दीकी, आदर्श कुमार, विभाग गौतम शिमला, राधिका चौधरी व सहरीन अंसारी ने स्थान प्राप्त किया। सभी सफल छात्र छात्राओ को विद्यालय की उपनिदेशक संगीता श्रीवास्तव व डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने शील्ड व मेडल प्रदान किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह मे पंकज शुक्ला, मोहम्मद माजिद,अबरार अहमद, रंजीत सिंह, नसीब अहमद, मालती सिंह, ज्योति सिंह, क्षमा सिंह, प्रियंका,प्रज्ञा पाण्डेय,दिव्यांशी सिंह, श्रेयांशी मिश्रा, सुधा सिंह,पवन सिंह, सिद्धार्थ चौधरी, प्रदीप श्रीवास्तव, उर्फी,उम्मे रूबी, विजय मिश्रा कंचन गुप्ता, पूनम यादव आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आज होगा आगाज

## नेपाल-भूटान के पहलवान दिखाएंगे अपने अपने दाव-पेंच

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। कस्बा बाबागंज स्थिति लाडली मैरिज लॉन में 1-2 अप्रैल कों क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस पारंपरिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह है और तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।

इस दंगल में संदीप राणा दिल्ली, जावेद गनी, भारत कुमार, देवा थापा नेपाल, चिमचीम डोगरा भूटान, बाबर अली पठान, बाबा लाडी, मुन्ना टाइगर, बाबा, रवि शंकर, दिग्विजय त्रिपाठी सहित देश के विभिन्न राज्यों के नामी पहलवानों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान भी अखाड़े में उतरेंगे।जिससे मुकाबले रोमांचक होने की उम्मीद है।

आयोजक उत्तम त्रिपाठी पहलवान पूर्वांचल केसरी के अनुसार दंगल का मुख्य आकर्षण अंतिम कुश्ती होगी, इसके अलावा कई अन्य बड़ी कुश्तियां भी होंगी।जिनमें दिल्ली,पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के दिग्गज पहलवान अपने दांव-पेंच दिखाएंगे।

दंगल के सफल आयोजन से पूर्व एक बैठक आयोजित की गई जिसमे क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों और कमेटी सदस्यों ने भाग लेकर तैयारियों की समीक्षा की।आयोजकों ने बताया कि बाहर से आने वाले पहलवानों के ठहरने, भोजन और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था कर ली गई है। प्रधान आनंद पाठक प्रधान संघ अध्यक्ष नवाबगंज ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक और पारंपरिक दंगल का साक्षी बनने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# 3 दिन बाद सिलेंडर आते ही लगी भीड़



### गैस के लिए हंगामा, पुलिस की निगरानी में वितरण


अमन लेखनी समाचार

अमेठी , तीन दिन बाद गैस सिलेंडर पहुंचने पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।इंडेन गैस एजेंसी पर सैकड़ों लोग सिलेंडर लेने के लिए टूट पड़े, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। अब पुलिस सुरक्षा में गैस सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। दरअसल, अमेठी में पिछले कई दिनों से गैस की किल्लत बनी हुई है। कुछ एजेंसियों पर सिलेंडर थोड़ी मशक्कत के बाद मिल रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर लोगों को कई-कई दिनों तक लाइन में लगना पड़ रहा है। अमेठी कस्बे की इंडेन गैस एजेंसी पर पिछले तीन दिनों से सिलेंडर नहीं आए थे, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही थी। लोग पिछले तीन दिनों से रात से ही एजेंसी के बाहर लाइन में लग जाते थे। आज तीन दिन बाद एजेंसी पर गैस सिलेंडर की एक गाड़ी पहुंची तो सैकड़ों की संख्या में लोग तुरंत वहां पहुंच गए। भीड़ अनियंत्रित होते देख एजेंसी संचालक ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और अब उनकी सुरक्षा में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर बांटे जा रहे हैं।

# लड़कियों ने सिपाही को पकड़कर पीटा, वर्दी फाड़ी

## सुल्तानपुर में मोबाइल छीना; छेड़खानी के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , रात छेड़खानी के आरोपी को पकड़ने आए पुलिसकर्मियों से लड़कियों ने मारपीट की। सिपाही का गला पकड़कर खींचा, वर्दी फाड़ दी। उसका मोबाइल छीन लिया। इस दौरान आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। वह कहते रहे- बिना वारंट के घर में कैसे घुसे, महिलाओं को कैसे मारा, योगी राज में ये सब क्या हो रहा है पुलिस ने 8 नामजद और 5 अज्ञात समेत 13 पर केस दर्ज किया है। मामला धम्मौर थाना क्षेत्र का है। वीडियो में दिख रहा है कि एक सिपाही को घर के अंदर 3 लड़कियों और एक महिला ने पकड़ रखा है। वह सिपाही को गले से पकड़कर खींचती हैं।इस दौरान उसकी वर्दी फट जाती है। लड़कियों ने कॉन्स्टेबल अंकुश चौधरी का मोबाइल भी छीन लिया।इस दौरान वीडियो बना रहा शख्स बार-बार कहता है- महिला पुलिस लेकर आना चाहिए था। ये देखिए बिना वारंट के 4 लोग घर में घुस रहे हैं। इस बीच दूसरा पुलिसकर्मी लड़कियों के हाथ से साथी पुलिसकर्मी को छुड़ाकर बाहर खींचकर लाता है। इसके बाद ग्रामीणों ने बीच बचाव किया। उन्होंने पुलिसकर्मी का मोबाइल वापस कराया। लड़की ने दर्ज कराई थी छेड़खानी की शिकायत उधनपुर में अंकित यादव 27 मार्च को अपने नाना जगन्नाथ यादव के घर आया था। उसकी नानी की मौत हो गई थी। 28 मार्च की शाम 5 बजे गांव की ही एक लड़की ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अंकित उसके साथ लगातार छेड़खानी कर रहा है। उसे भगा ले जाने का प्रयास कर रहा है। पुलिस के साथ मारपीट शिकायत पर धम्मौर थाना पुलिस की एक टीम रात 8 बजे आरोपी अंकित को पकड़ने मौके पर पहुंची। पुलिस टीम में रक राजकुमार सिंह, कांस्टेबल संजय यादव और कांस्टेबल अंकुश शामिल थे। पुलिस ने जैसे ही अंकित को हिरासत में लेने का प्रयास किया, उसके परिजनों और घर की लड़कियां और महिलाओं ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी। देखते ही देखते हाथापाई और मारपीट होने लगी। मारपीट में सिपाही अंकुश चौधरी समेत अन्य पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। मारपीट में पुलिसकर्मी चोटिल हुए धम्मौर थाना प्रभारी रजत पांडेय ने बताया कि उप निरीक्षक राजकुमार यादव की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नाबालिग का अपहरण, 2 घंटे में दबोचे गए आरोपी

### सुल्तानपुर में परिवार के बयानों पर जांच जारी, किशोरी अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , शिवगढ़ थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घंटे के भीतर दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, परिवार के विरोधाभासी बयानों के चलते मामले की जांच जारी है। यह घटना को दोपहर करीब 2:30 बजे हुई, जब किशोरी शौच के लिए गई थी। किशोरी के पिता ने शिकायत दर्ज कराई कि दो युवक उनकी बेटी को मोटरसाइकिल पर अगवा कर ले गए। परिजनों के अनुसार, हरिकेश वर्मा और अखिलेश वर्मा नामक दो युवकों ने किशोरी को जबरन अगवा किया। किशोरी की दादी ने भी दो युवकों पर अपहरण का आरोप लगाया है। घटना के समय किशोरी के माता-पिता एक मुकदमे की पैरवी के लिए दीवानी न्यायालय गए हुए थे। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि हरिकेश वर्मा और अखिलेश वर्मा ने पहले भी उनकी लड़की का अपहरण और दुराचार करने की धमकी दी थी। इस संबंध में शिवगढ़ थाने और हेल्पलाइन नंबर 1076 पर सूचना दी गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि 28 मार्च को दोपहर लगभग 3:00 बजे अपहरण की सूचना मिली थी।

# अवैध पेट्रोल-डीजल भंडारण पर पुलिस का छापा

## 1,300 लीटर डीजल बरामद, ट्रॉली में छिपाकर रखा था

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, अवैध पेट्रोल-डीजल भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम के निर्देश पर पूर्ति विभाग और पुलिस की टीम ने भरेथा गांव में छापा मारकर 1300 लीटर डीजल बरामद किया है। यह डीजल एक ट्रॉली में बड़े डिब्बों और पानी की टंकी में छिपाकर रखा गया था। यह पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के पूरे गणेश भरेथा गांव का है। अमेठी एसडीएम को गांव के एक घर में डीजल के अवैध भंडारण की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के बाद एसडीएम ने क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक शुभम और कोतवाली के उप निरीक्षक सस्त्राजीत प्रसाद के साथ पुलिस टीम को मौके पर भेजा। तलाशी के दौरान टीम को गांव निवासी दयाराम पुत्र जगन्नाथ के घर के पीछे खड़ी एक ट्रॉली में बड़े डिब्बों और पानी की टंकी में छिपाकर रखी गई 1300 लीटर डीजल मिली। टीम ने डीजल के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। भंडारण करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अमेठी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए जब्त किए गए डीजल को पास के ही एक पेट्रोल पंप पर सुरक्षित रखवा दिया है। अमेठी एसएचओ रवि सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डिग्री कॉलेज के चपरासी की हत्या

## कैंपस के नाले में अधजला शव मिला, ड्यूटी पर आए थे

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, टीकाराम डिग्री कॉलेज के एक चपरासी की हत्या कर दी गई। सुबह वह घर से ड्यूटी के लिए कॉलेज आए थे। इसके बाद देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच सुबह करीब 11 बजे कॉलेज परिसर के नाले में अधजला शव मिला। शव के कुछ हिस्से जल चुके थे। नाले से शव को बाहर निकालने पर लोगों ने सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना क्वार्सी थाना क्षेत्र की है।



धर्मेंद्र, मृतक

### कॉलेज परिसर के नाले में मिला अधजला शव

युवक की पहचान धर्मेंद्र (42) के रूप में हुई है। वह रामघाट रोड स्थित केके हॉस्पिटल वाली गली में रहते थे। धर्मेंद्र टीकाराम कन्या महाविद्यालय में चपरासी थे। शनिवार को उनकी सुबह 6 बजे से ड्यूटी थी, इसलिए वह तड़के ही घर से कॉलेज के लिए निकल गए थे। देर शाम तक जब धर्मेंद्र घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने सोचा कि वह शायद किसी रिश्तेदारी में गए होंगे और सुबह ड्यूटी के समय घर पहुंच जाएंगे। हालांकि सुबह वह कॉलेज में भी नहीं मिले।

### सीसीटीवी में धर्मेंद्र कॉलेज से बाहर जाते नहीं दिखे

इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की और कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में देखा गया कि धर्मेंद्र कॉलेज परिसर से बाहर नहीं गए थे। इसके बाद पुलिस ने परिसर की छानबीन की तो दोपहर करीब 11:30 बजे कॉलेज की पार्किंग के पास नाले में धर्मेंद्र का अधजला शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला।

वहां मौजूद लोगों को लगा कि वह अभी जिंदा हैं। इस पर उन्हें सीपीआर भी दिया गया, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई।

# किरायेदार महिला को घर में बंद किया

## मकान मालिक पर मारपीट और घर खाली कराने का दबाव बनाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , एक किरायेदार महिला ने अपने मकान मालिक पर घर के अंदर बंद करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि मकान मालिक ने उसे कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को घर से बाहर निकाला। मकान मालिक पर घर खाली कराने का दबाव बनाने और मारपीट करने का भी आरोप है। यह घटना चौक कोतवाली क्षेत्र के मंडी इलाके की है। मीना सक्सेना नामक महिला पिछले एक साल से एक सराफा व्यापारी के घर में किराये पर रह रही हैं। मीना का आरोप है कि किराये पर आने के दो महीने बाद से ही मकान मालिक ने उन पर मकान खाली करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया था। पीड़िता के अनुसार, इसी विवाद के चलते मकान मालिक और उनकी पत्नी कई बार मारपीट कर चुके हैं। महिला ने बताया कि इतनी जल्दी दूसरा मकान मिलना मुश्किल है, इसलिए उन्होंने कुछ समय मांगा था, लेकिन मकान मालिक ने मना कर दिया। कुछ दिन पहले भी मारपीट होने पर उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मकान मालिक ने भविष्य में ऐसी गलती न करने का आश्वासन दिया था। सोमवार को मकान खाली करने की तय तारीख थी। आरोप है कि समय पूरा होने पर मकान मालिक ने आकर मकान खाली करने को कहा और फिर मारपीट कर महिला को मकान के अंदर बंद कर दिया, बाहर से ताला लगा दिया। काफी देर तक वह अंदर बंद रहीं। इसके बाद पीड़िता ने ताला लगे गेट का वीडियो बनाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को बंद मकान से बाहर निकाला। पीड़िता ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि प्रकरण उनके संज्ञान में आया है और जांच की जा रही है।

# 'मेरे बॉयफ्रेंड को बुलाओ, तभी नीचे उतरूंगी'

### प्रेमी से विवाद होने पर टावर पर चढ़ी प्रेमिका, समझाने की कोशिश में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , दोपहर को एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण युवती ने टावर पर चढ़कर हाईवोल्टेज ड्रामा किया। युवती जैसे ही टावर पर चढ़ी तुरंत घटनास्थल पर सैकड़ो की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवती को समझाने का प्रयास कर रही है। लेकिन युवती का कहना है कि पहले हमारे प्रेमी को बुलाइए। तभी नीचे उतरूंगी। इस हाईवोल्टेज ड्रामें के चलते लंबा जाम लग गया। यह मामला कुंडा कोतवाली क्षेत्र के फरेदूपुर गांव का है। युवती बाघराय थाना क्षेत्र के सिया गांव की निवासी बताई जा रही है। उसका गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद युवती फरेदूपुर पहुंची और मोबाइल टावर पर चढ़ गई। टावर पर चढ़ने के बाद वह लगातार अपने प्रेमी को बुलाने की मांग कर रही है। उसका कहना है कि पहले मेरे बॉयफ्रेंड को बुलाओं तभी नीचे उतरूंगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार अलख शुक्ला, नायब तहसीलदार लालमन, कुंडा कोतवाल मनोज पांडेय और फायर ब्रिगेड प्रभारी सौरभ सक्सेना अपनी टीमों के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं। अधिकारी लगातार युवती को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, खबर लिखे जाने तक एक घंटे से अधिक समय बीत चुका था, लेकिन युवती टावर से नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई।

# पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, कई अपराधी गिरफ्तार

## ऑपरेशन प्रहार के तहत मादक पदार्थ, अवैध हथियार व संगीन मामलों में वांछित पकड़े गए

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक ही दिन में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान मादक पदार्थ, अवैध हथियार और गंभीर मामलों में वांछित कई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में थाना नवाबगंज, जेठवारा, देल्हूपुर, फतनपुर और संग्रामगढ़ पुलिस शामिल थी। इन थानों की संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थों की तस्करी, दुष्कर्म, दहेज हत्या, अपहरण और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर मामलों में वांछित अभियुक्तों को पकड़ा गया। थाना नवाबगंज पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कार्रवाई करते हुए सेमक बाबा स्थान बरियावां माइनर के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1 किलो 150 ग्राम गांजा और 600 रुपये नकद बरामद किए गए। थाना जेठवारा पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित अभियुक्त को बेडियन पुलिया के पास से पकड़ा। यह अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और मुखबिर की सूचना पर पुलिस को यह सफलता मिली। थाना देल्हूपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त, थाना फतनपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को हरिपालमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। इस मामले में शादी के बाद लगातार उत्पीड़न और दहेज की मांग के आरोप थे। थाना संग्रामगढ़ पुलिस ने अपहरण के एक मामले में वांछित अभियुक्त को डाक बंगला तिराहे के पास से पकड़ा।

## संक्षेप

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी का आरोप- भाजपा राज में ब्राह्मणों पर अत्याचार

**बागपत में पूर्व मंत्री बोले- मौजूदा सरकार को पत्थर लगाने का शौक**

बागपत , शबगा गांव में समाजवादी पार्टी का पीडीए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश में हर वर्ग, विशेषकर ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहे हैं। सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने गीता, चारों वेद और कुरान का अध्ययन किया है और सभी धर्मों की किताबें प्रेम से रहने का संदेश देती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि 2014 से पहले देश में मंदिर-मस्जिद क्यों नहीं थे और अब भाजपा सरकार क्यों मंदिर-मस्जिद की राजनीति को बढ़ावा देकर आपसी प्रेम खत्म कर रही है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के रहते ही हर वर्ग और विशेषकर ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहे हैं।उन्होंने शंकराचार्य विवाद का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या यह रामराज है। पूर्व मंत्री ने अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित,अल्पसंख्यक) के उद्देश्य को सभी लोगों को साथ लेकर चलना बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में तोड़ने की साजिश हो रही है और भाजपा की मंदिर-मस्जिद की राजनीति देश को कमजोर कर रही है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार पर अमेरिकी दादागिरी स्वीकार करने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलवामा और पहलगाम में हुए आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए सुरक्षा में चूक पर सवाल उठाए। सिद्दीकी ने कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुश्मनों को मारा, इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का क्या लेना-देना था।उन्होंने यह भी कहा कि सीजफायर का अधिकार हमारी सेना का है ट्रम्प का नहीं और सरकार देश को अमेरिका का गुलाम बना रही है। सिद्दीकी ने देश में बढ़ती बेरोजगारी, परीक्षाओं के पेपर रद्द होने, महंगाई चरम पर होने और किसानों पर थोपे गए तीन काले कानूनों को लेकर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसानों को रोका गया और 731 किसान बॉर्डर पर मर गए। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने बाद में काले कानूनों को खुद भी काला कहा और गलती मानी, लेकिन 731 किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन है।

### भाजपा का मंडलस्तरीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**कार्यकताओं को मिला संगठन और बूथ प्रबंधन का प्रशिक्षण**

बागपत , भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत विधानसभा स्तर का मंडल प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह दो दिवसीय शिविर शहर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया था। शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, गौरवशाली इतिहास और बूथ प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। इसमें बागपत विधानसभा के चारों मंडलों के कार्यकताओं ने भाग लिया, जहां कुल 28 सत्र आयोजित किए गए। प्रत्येक मंडल में 7 सत्रों के माध्यम से संगठन विस्तार, जनहितकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और कार्यशैली पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम जिला अभियान संयोजिका सरिता चौधरी ने बताया कि इन सत्रों में जनप्रतिनिधियों और जिला पदाधिकारियों ने मंडल स्तर के कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

# भक्ति, संस्कार और गौ सेवा का संदेश देगी फिल्म बोलो राधे राधे

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। भारतीय संस्कृति में गौ माता, माता-पिता और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा को केंद्र में रखकर एक भव्य हिंदी फीचर फिल्म ह्यबोलो राधे राधेह्न का निर्माण होने जा रहा है। रेव मीडिया वन के बैनर अंतर्गत बनने वाली इस फिल्म की अधिकांश शूटिंग भगवान कान्हा की नगरी मथुरा और वृंदावन की पावन गलियों में की जाएगी। संस्कारों की एक अनूठी कहानी समेटे यह फिल्म गौ माता सेवा फोरम भुवनेश्वर के सहयोग से बनाई जा रही है। फिल्म का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को गौ सेवा का महत्व समझाना और माता-पिता के प्रति उनके कर्तव्यों को याद दिलाना है। फिल्म के लेखक और निर्देशक रवि भाटिया ने बताया कि कहानी में पारिवारिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का बहुत ही सुंदर समन्वय किया गया है। फिल्म में बॉलीवुड और क्षेत्रीय सिनेमा के नामी कलाकारों का संगम देखने को मिलेगा। मुख्य भूमिकाओं में नैनतारा, हितु कनोडिया, कोमलिका, शरत लोहिया के साथ-साथ दिग्गज अभिनेता गोविंद नामदेव, विजेंद्र काला, विशाल और विनीता मलिक अपनी अदाकारी का जौहर दिखाएंगे। फिल्म में एक रशियन अभिनेत्री भी नजर आएंगी, मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के भाई दीपू श्रीवास्तव, यूट्यूबर सार्थक शुक्ला और भोपाल के अभिनेता श्रवण कुमार भी अहम किरदारों में होंगे। जबकि मुख्य कलाकारो के बचपन का रोल कुँवर लाभांशु, कृष्णा मिश्रा, तथा सम्राट सिंह कटियार निभा रहे हैं इस फि ल्म में भजन सम्राट अनूप जलोटा सुरों का जादू बिखेरेंगे फिल्म का संगीत पक्ष बेहद मजबूत है। संगीतकार रवि जैन, मनमान मिश्रा और शेखर सहगल के निर्देशन में तैयार हुए गीतों को भजन सम्राट अनूप जलोटा, लव पोद्दार, वैष्णवी भुयर और संदीप राय ने अपनी आवाज दी है। फिल्म का निर्माण प्रोड्यूसर ह्रदय भाटिया और विजय कुमार टिब्रेवाल के नेतृत्व में हो रहा है। तकनीकी पक्ष में मन मिश्रा (मनुजा मिश्रा) एसोसिएट डायरेक्टर कमान संभाल रहे हैं। फिल्म की कानूनी बारीकियों तथा निर्माण से संबंधित सभी पक्ष लीगल एवम प्रेस को एडवोकेट सौरभ सिंह कटियार देख रहे हैं। फिल्म के निर्माण में गोपालन भाई, सूरज निषाद, कमल अरोड़ा, राजेंद्र सोनी, अमित जायसवाल, आशुतोष द्विवेदी, गोकुल चौधरी और संतोष नागरी जैसे अनेक कलाकार ही रहेंगे जिसे लेकर ब्रज क्षेत्र और फिल्म जगत में भारी उत्साह है।

# मेधा अलंकरण समारोह में पुरस्कृत हुए मेधावी

## आरजीएम इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया समारोह

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में संचालित आरजीएम इंटर कॉलेज में मेधा अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र प्रसाद तिवारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ किया गया वही आयोजित महोत्सव अंतर्गत पहुंचे विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के होनहार छात्र तथा छात्राओं को परीक्षा परिणाम प्रदान करते हुए मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह तथा उपहार देकर उत्साहवर्धन किया गया मौके पर मौजूद वरिष्ठ कवि कृष्ण कुमार सविता समेत अन्य अतिथियों ने अपना अपना संबोधन करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव तिवारी मधु तिवारी विवेक कुमार सुशील शुक्ला शिवानी तिवारी संगीता तिवारी रामशंकर सचान यास्मीन जयसिंह समेत अन्य सभी शिक्षक तथा अभिभावकों समेत सभी छात्राएं मौजूद रहे आए हुए सभी अभिभावकों का विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने सादर आभार व्यक्त किया

# अवैध पेन पिस्टल फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मुख्य सप्लायर समेत दो गिरफ्तार, दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया खुलासा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध हथियार नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक घर में चल रही पेन पिस्टल फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए मुख्य सप्लायर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लंबे समय से अवैध हथियार बनाकर उनकी सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। बरामद हथियारों में 25 पेन पिस्टल, 2 अन्य पिस्टल और 78 मैगजीन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल और मशीनरी भी मौके से मिली है जांच में सामने आया कि आरोपी मेरठ में अपने घर के अंदर ही यह मिनी फैक्ट्री चला रहे थे। पुलिस को लंबे समय से इस गिरोह की गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद टीम ने सटीक लोकेशन ट्रेस कर छापा मारा। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के इलाकों में अवैध हथियारों की सप्लाई करता था। पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।पेन पिस्टल एक छोटा और बेहद खतरनाक हथियार होता है, जो दिखने में सामान्य पेन जैसा लगता है। इसे आसानी से छुपाया जा सकता है और यह नजदीक से फायर करने में सक्षम होता है। इसी कारण अपराध जगत में इसकी मांग अधिक रहती है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह पहले भी हथियार तस्करी से जुड़े मामलों में जेल जा चुका है

# बीएसएफ जवान की हत्या, घर में घुसकर गोली मारी

## गांव के युवक से झगड़ा हुआ, छुट्टी पर घर आए थे

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया। नैन सिंह बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। वह 6 मार्च को छुट्टी पर घर आए हुए थे। वारदात के समय वह घर पर सो रहे थे। गोली की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। घर वालों ने पुलिस को बताया कि गांव के एक युवक से पुरानी रंजिश चल रही थी। इसे लेकर 3 दिन पहले और आज झगड़ा हुआ था। घटना देर शाम इंचौली थाना क्षेत्र के धनपुर गांव की है। धनपुर गांव के रहने वाले गरीबदास के बेटे नैन सिंह (38) सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उनकी पोस्टिंग पश्चिम बंगाल में थी। वह 6 मार्च को छुट्टी पर घर आए थे। उन्हें 2 अप्रैल को वापस ड्यूटी पर जाना था। नैन सिंह की पत्नी कोमल अपने दो बच्चों रिमी (12), आयुष (7) के साथ टीपी नगर थाना क्षेत्र के फाजलपुर स्थित मायके गई थी। जबकि मां विमला अपनी बेटी अंजू के घर मेरठ में थीं। पिता खेत पर गए हुए थे। छोटा भाई प्रदीप मोदीनगर अपने काम पर था। घटना के समय घर में प्रदीप की पत्नी पिंकी और नैन सिंह मौजूद थे। नैन सिंह सो रहे थे, तभी एक अज्ञात युवक घर में घुसा और उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही नैन सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पड़ोसियों की सूचना पर एसएसपी अविनाश पाण्डे, इंचौली थाना पुलिस और सीओ सदर देहात सुधीर सिंह मौके पर पहुंचेनैन सिंह की हत्या से धनपुर गांव के लोग गुस्से में हैं। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। साथ ही, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।गांव के युवक से रंजिश चल रही थीगांव वालों ने बताया- गांव के महेश से नैन सिंह की पुरानी रंजिश चल रही थी।

# सूर्य प्लाजा में लगी भीषण आग

**दो मोबाइल दुकानें जलकर खाक, 10 लाख का नुकसान**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , हापुड़ अड्डा चौराहा स्थित सूर्य प्लाजा में देर रात करीब 12:30 बजे एक मोबाइल दुकान में भीषण आग लग गई। आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया और पास की दूसरी दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग सबसे पहले ओम मोबाइल की दुकान में लगी। दुकान मालिक के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। आग इतनी तेजी से फैली कि पास की नईम की मोबाइल दुकान तक पहुंच गई। दोनों दुकानों में रखे मोबाइल फोन, एक्सेसरीज और अन्य पाट्र्स पूरी तरह जलकर खाक हो गए। घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर फाइटरों ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण आग में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, जो राहत की बात है। हालांकि, दोनों दुकानों में कुल मिलाकर करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। जिस कॉम्प्लेक्स में आग लगी, वहां मोबाइल दुकानों के साथ ही भारत गैस एजेंसी का कार्यालय भी स्थित है। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था और पूरा कॉम्प्लेक्स आग की चपेट में आ सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग की टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है।

# धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**नकली कागज बनाकर बेचा था प्लॉट, पैसे वापस मांगने पर दी थी जान से मारने की धमकी**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला 19 अक्टूबर 2025 को सामने आया था, जब फरमान नाम के व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने मिलकर उसे फर्जी प्लॉट बेच दिया।शिकायत के अनुसार नूरहसन भाटी, अफजल, अरशद, मोइन और नाजिम ने मिलकर साजिश के तहत प्लॉट के नकली कागजात तैयार किए और फरमान को बेच दिया। पैसे लेने के बाद न तो प्लॉट दिया गया और न ही रकम वापस की गई। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश में टीम गठित की। इसी क्रम में मार्च 2026 को पुलिस ने आरोपी अफजल (33) को ट्रोनिका सिटी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अफजल ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव पावी सादकपुर, तहसील लोनी में मौजूद 100 वर्ग गज के प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर फरमान को बेचा था। पुलिस के अनुसार इस मामले में अभी अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

## सांसद बोले- पुलिस ने हटवाया, बालियान बात करेंगे...नहीं तो योगी को हटवा देंगे

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा- पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है। इसलिए इरादतन प्रतिमा के नीचे जो जाट शब्द लिखा था, उसको रातों-रात हटवाया गया। हम इस तरह अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। हालांकि ये हंगामा कार्यक्रम खत्म होने के बाद हुआ। भगवंत सिंह मान समेत तमाम नेता वापस जा चुके थे। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह और राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनिवाल सकौती के हितकारी इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्हें महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण करना था। जैसे ही भगवंत मान प्रतिमा का अनावरण करने जाने लगे, तभी भीड़ टूट पड़ी। इससे भगवंत मान आगे नहीं बढ़ पाए। वह बिना अनावरण के ही वापस लौटे। भगवंत मान के जाने के बाद मुजफफरनगर से पूर्व केंद्रीय मंत्री, भाजपा नेता संजीव बालियान ने महाराज सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया। संसद में यूपी समेत 5 राज्यों से हजारों लोग पहुंचे। ठल्र-58 पर ट्रैक्टरों पर लोग ढोल-नगाड़े बजाते हुए चलते रहे। पीछे गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। 2000 से अधिक ट्रैक्टरों से लोग पहुंचे। पंडाल में लगाई गईं 10 हजार कुर्सियां फुल हो गईं। काफी संख्या में लोग बाहर खड़े रहे।

### सांसद बोले- पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया

मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा- पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। हंगामा कर रहे लोगों को पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने समझाया। मगर वह नहीं मान रहे। हंगामा बढ़ता देख मौके पर सरधना एसडीएम उदित नारायण सेंगर पहुंचे। संजीव बालियान ने एसडीएम से कहा कि आप क्या चाह रहे होसमस्या बता दोजिस संस्था ने ये प्रतिमा डोनेट की है।

# युवती ने किया सुसाइड

**सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , सेक्टर-32 स्थित अमौर सोसायटी में एक युवती (21) ने बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान पहचान अर्पिता के रूप में हुई है। अर्पिता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के मंडेरवा गांव की निवासी थी। उसके पिता कारोबारी है। उनका नाम संजय है। वह वर्तमान में अपने परिवार के साथ नोएडा में रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-24 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवती अर्पिता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के मंडेरवा गांव की रहने वाली थी। वह पंजाब के एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि वह दो दिन पहले ही पंजाब से नोएडा आई थी। परिवार के लोग इस घटना से पूरी तरह टूट गए हैं और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं परिजनों का कहना है कि अर्पिता पिछले कुछ समय से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में थी। हालांकि, उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका सही कारण अभी साफ नहीं हो पाया है।

# ग्रेटर नोएडा में बुलेट साइलेंसर से पटाखे फोड़ने से दहशत

**लोगों ने पुलिस से की शिकायत, कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटियों में बुलेट बाइक सवारों द्वारा साइलेंसर से पटाखे फोड़ने का मामला सामने आया है। इन घटनाओं से स्थानीय निवासी परेशान हैं। अज्ञात बाइक सवार सोसाइटियों के गेट के पास धमाके कर फरार हो जाते हैं। इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गई है और कार्रवाई की मांग की गई है। कई दिनों से यह बाइक सवार आ रहे है। अजनारा होम्स और पंचशील ग्रीन सोसाइटी के निवासी मयंक प्रताप सिंह ने बताया कि बुलेट बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिलों के मॉडिफाइड साइलेंसर से तेज आवाज में पटाखे फोड़ते हैं। यह आवाज फायरिंग जैसी लगती है, जिससे सोसाइटी के लोगों में भय का माहौल है। इन बाइक पर नंबर प्लेट नहीं होती और सवार मुंह पर कपड़ा बांधकर आते हैं। मयंक प्रताप सिंह ने बताया कि इन घटनाओं के वीडियो भी वायरल हुए हैं। उन्होंने एक ऐप के माध्यम से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और लिखित में भी शिकायत दी है। यह घटनाएं बिसरख थाना क्षेत्र की अजनारा होम्स और पंचशील ग्रीन सोसाइटी के सामने हो रही हैं। पुलिस को सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बाइक सवार फरार हो चुके थे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि गश्त बढ़ाई जाएगी और जल्द ही इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि समय-समय पर ऐसे मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसे असामाजिक तत्वों को पकड़ा जाएगा और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 30 मार्च को 15 हजार घरों में नहीं आएगी बिजली

## मरम्मत और टेस्टिंग के चलते पांच घंटे तक बाधित रहेगी आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर , को लगभग 15 हजार घरों में पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने जिले के विभिन्न उपकेंद्रों पर निर्धारित रखरखाव कार्यों के चलते यह जानकारी दी है। विभाग के अनुसार, 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र यमुनापुरम (प्रथम) पर पावर परिवर्तक और वीसीबी की टेस्टिंग की जाएगी। इस कार्य के लिए सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक शटडाउन रहेगा। इससे यमुनापुरम, चांदपुर रोड और अमर माया एन्क्लेव क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इसी तरह, 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र वलीपुर पर वीसीबी बदलने का कार्य सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। इसके कारण खुर्जा रोड, नैथला, तहसील रोड और वलीपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त, 33/11 केवी उपकेंद्र टांडा पर भी फीडर सेग्रिगेशन का कार्य 30 मार्च को किया जाएगा। यह शटडाउन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। अनुपशहर अड्डा फीडर से जुड़े आवास विकास, टांडा, स्याना रोड, काली नदी रोड, आनंद विहार, फैसलाबाद, मानकपुर, मौसमगढ़, इमलिया, उतरावली, कलौली और बंगला पुख्ता जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से इन रखरखाव कार्यों में सहयोग की अपील की है।

# रोरवा में नाली निर्माण घोटाले की आशंका, अधूरा कार्य बना विवाद का कारण; जांच की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार



कोन/सोनभद्र। नवसृजित विकास खंड कोन की ग्राम पंचायत रोरवा में नाली निर्माण कार्य को लेकर अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ती जा रही है। शिकायतकर्ता मदन गुप्ता का आरोप है कि नाली मरम्मत और ढक्कन निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है तथा कार्य अब तक अधूरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर उन्होंने नवंबर 2025 में जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर नाली मरम्मत व ढक्कन निर्माण की मांग की थी। जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच आख्या में एडीओ पंचायत कोन द्वारा जांच में नाली मरम्मत की आवश्यकता स्वीकार की गई और स्टीमेट तैयार होने की बात कही गई। बावजूद इसके कार्य जमीन पर पूरा नहीं हो सका। शिकायतकर्ता का कहना है कि ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की अनदेखी नहीं, बल्कि पूरी पार्टी का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्य पूरा नहीं कराया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। मामले में जनपद स्तरीय तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है और जांच प्रक्रिया जारी है। वहीं एडीओ पंचायत सुनील पाल ने कहा कि यदि जांच में अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।

# संडीला पुलिस को बड़ी सफलता इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जनपद के थाना संडीला क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना संडीला पुलिस ने मु0अ0सं0 69/26, धारा 3(1) उ० प्र० गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से संबंधित एक शातिर एवं वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिस पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में चल रही सघन कार्रवाई के दौरान थाना संडीला पुलिस टीम सक्रिय रूप से अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सका। गिरफ्तार अभियुक्त एक संगठित गिरोह से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जो क्षेत्र में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था। इस पर पहले से ही कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और यह काफी समय से फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय अपराधी गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। साथ ही, गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी तेज कर दी गई है। थाना संडीला पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है और इसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सफलता की गूंजः चोपन के लाल विकास चंद्र पांडेय बने असिस्टेंट कमिश्नर, बढ़ाया जनपद का मान

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र - जनपद के होनहार युवाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। नगर के गौरव नगर निवासी विकास चंद्र पांडेय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (वढढरउ) 2024 की परीक्षा में सफलता का परचम लहराते हुए असिस्टेंट कमिश्नर (उद्योग) के पद पर अपना स्थान पक्का किया है। विकास की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है।

## उपलब्धियों से भरा रहा है सफर

अजय कुमार पांडेय के पुत्र विकास चंद्र पांडेय वर्तमान में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में एक राजपत्रित अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिकारी बनने वाले विकास ने एक बार फिर इतिहास दोहराया है। निरंतर सफलता की ओर अग्रसर विकास ने अब राज्य प्रशासनिक सेवा में अपनी जगह बनाई है।

## रेलवे स्कूल से ककळ बॉम्बे तक का सफर

विकास की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज से हुई, जहाँ से उन्होंने अपनी सफलता की नींव रखी। इसके पश्चात उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेधा का परिचय देते हुए उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान ककळ बॉम्बे से स्नातकोत्तर (ट.रू) की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के दौरान ही उन्होंने अपनी प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी जारी रखी, जिसका सुखद परिणाम आज सबके सामने है।

## नगरवासियों में खुशी की लहर

विकास के चयन की सूचना मिलते ही उनके निवास स्थान गौरव नगर और पूरे चोपन क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल व्याप्त हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे सोनभद्र जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। शुभचिंतकों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खास समाचार

### पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। मुर्गे की आढ़त का काम करने वाले एक युवक की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम रहुला निवासी मोहम्मद अफजल खान (30) मंगलवार सुबह करीब 3 बजे बालामऊ मुर्गा खरीदने जा रहे थे। शेखनपुर गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खंती में पलट गई। मृतक अपने पीछे पत्नी निकहत, 2 वर्षीय पुत्र और मां शहनाज को छोड़ गया है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### टिल्लू ने टॉपर दीप्ती वर्मा को दी बधाई..

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 6वीं रेंक पाने वाली बेटी दिप्पी वर्मा के आवास पर मिलकर नाम रोशन करने पर बधाई दी। सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 का परिणाम आया तो मल्लावां क्षेत्र के पुरबावां गांव निवासी देवेंद्र सिंह की होनहार एवं प्रतिभाशाली पुत्री दीप्ति वर्मा ने 6 वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी इस कामयाबी पर मंगलवार को सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने जानकीपुरम लखनऊ स्थिति आवास पर पहुंचकर दीप्ती को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सवायजपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत, 10 दिन बाद मिल रही सप्लाई

अमन लेखनी समाचार

सवायजपुर। क्षेत्र में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के 10-11 दिन बाद भी गैस सिलेंडर मिल रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी राहुल सैनी ने बताया कि उन्होंने 1 मार्च को गैस बुक कराई थी, जो 11 मार्च को मिली। वहीं दूसरी एजेंसी पर 19 मार्च को बुकिंग के बाद अभी तक सिलेंडर नहीं मिला। बड़े परिवार होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेस्टोरेंट संचालकों का भी कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि पैसे देने वालों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि सामान्य उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल रही। वहीं, नियमों के अनुसार एक सिलेंडर के बाद 45 दिन से पहले दूसरी बुकिंग संभव नहीं है, जिससे समस्या और बढ़ रही है। सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि क्षेत्र में गैस की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। समस्या की जानकारी लेकर जल्द समाधान कराया जाएगा।

### बैंक ऑफ बड़ोदा पहुंची सीबीआई की टीम

अमन लेखनी समाचार

कछौना। स्थानीय कस्बे में पहुंची सीबीआई की लखनऊ एसीबी ब्रांच टीम ने कछौना स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में पड़ताल शुरू कर दी है। चंद दिनों पूर्व इस शाखा के मैनेजर समेत बीसी संचालक सुरेश कुमार चौधरी को रिश्वत के एक मामले में अरेस्ट किया गया था। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की टीम ने दोनों को जेल भेजा था। थाना क्षेत्र बघौली के ग्राम कमोलिया निवासी सीमा देवी द्वारा इस मामले की शिकायत पर सीबीआई टीम ने मुकदमा दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। इसी जांच के सिलसिले में कस्बे की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुंची लखनऊ सीबीआई की एसीबी ब्रांच टीम ने बैंक के इंचार्ज मैनेजर वैभव से पूँछतांछ कर अभिलेखों की पड़ताल की। इस दौरान शिकायत कर्ता महिला सीमा भी सीबीआई टीम के साथ बैंक में मौजूद नजर आयी।

# नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्ण- जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एन0आर0एल0एम0 समूह के खाते बैंकों में खोलने व उन्हें लोन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की, श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने श्रम प्रर्वतन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाना सुनिश्चित करें, इसी प्रकार से उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करनाा सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# करमा व थाना जुगैल पुलिस द्वारा कुल 6 वारंटी अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारीगण के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 30.03.2026 को थाना करमा एवं थाना जुगैल पुलिस टीमों द्वारा मा0 न्यायालयों द्वारा निर्गत वारंट के अनुपालन में कुल 06 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पश्चात मा0 न्यायालय भेजा गया।

# मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

**महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर जागरूकता को लेकर सोनभद्र पुलिस की प्रभावी पहल।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों जैसे—लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से जागरूक किया गया। इसी क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिससे आमजन को साइबर ठगी से सुरक्षित रखा जा सके।

सोनभद्र पुलिस द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें एवं जागरूक बनकर स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर :-

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हरदोई पुलिस का जागरूकता अभियान, महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद हरदोई में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना है। अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा गांव-गांव, मोहल्लों तथा शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाकर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। कार्यक्रमों में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के दृष्टिकोण से विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों जैसे यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आत्मरक्षा के उपाय, बाल श्रम उन्मूलन, शक्ति दीदी जैसे कार्यक्रमों की उपयोगिता भी समझाई गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया, जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख रूप से शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। इस जागरूकता अभियान से महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और समाज में सुरक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल विकसित हो रहा है।

# हत्या करने वाले आरोपी की तलाश में 500 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालने के बाद आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

विरार। वसई तालुका मे अपराधिक घटनाएं थामने का नाम नहीबल रही है। विरार के शिरवली क्षेत्र में सड़े-गले हालत में अज्ञात महिला की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। इस कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए विरार क्राइम ब्रांच कक्ष-3 ने एक दिल दहला देने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने मृतका के पति समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि यह हत्या शक, साजिश और बेरहमी की खौफनाक कहानी है। पुलिस के अनुसार, 21 मार्च 2026 शिरवली गांव में वज्रेश्वरी-शिरसाड मार्ग के पास रमेश घरत के खेत में जामुन के पेड़ के नीचे घास में करीब 25-30 वर्षीय महिला का सड़ा-गला शव बरामद हुआ था। शव की हालत इतनी खराब थी कि पहचान करना बेहद मुश्किल था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने हत्या की क्रूरता उजागर कर दी।महिला का गला धारदार हथियार से काटा गया था और सिर पर पत्थर से वार कर उसे मौत के घाट उतारा गया। इस सनसनीखेज मामले में मांडवी पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 65/2026 के तहत हत्या का केस दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, पुलिस उपायुक्त (गुन्हे) संदीप डोईफोडे और सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाळ ने मौके का निरीक्षण कर जांच के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद क्राइम ब्रांच कक्ष-3 की टीम ने समानांतर जांच शुरू की। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, नाशिक से लेकर उत्तर प्रदेश तक की गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाले गए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार पुलिस ने तकनीकी जांच के साथ 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के 72 घंटे के फुटेज खंगाल डाले और यहीं से केस में बड़ा सबूत मिला। 28 मार्च 2026 को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, रोशन रामजग यादव (26) और भानुप्रताप विजय बहादुर यादव (30) को नालासोपारा पूर्व हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया तो दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।जांच में खुलासा हुआ कि मृतका की पहचान मधुबाला उर्फ प्रियाकुमारी (23) के रूप में हुई, जो आरोपी रोशन यादव की पत्नी थी। पत्नी के चरित्र पर शक के चलते रोशन यादव ने इस खौफनाक साजिश को अंजाम दिया। 15 मार्च 2026 को उसने पत्नी को उत्तर प्रदेश से नालासोपारा बुलाया और अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 19 मार्च 2026 को दोनों आरोपी महिला को मोटरसाइकिल पर शिरवली इलाके में ले गए, जहां पहले गले पर चाकू से वार किया और फिर पत्थर से सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को खेत में फेंककर फरार हो गए। फिलहाल दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए मांडवी पुलिस थाने को सौंप दिया गया है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक रंजीत आंधळे कर रहे हैं। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच कक्ष-3 की टीम पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे, एपीआई सुहास कांबळे, शिवाजी पाटील, मुकेश तटकरे, गोविंद केंद्रे, सागर बारावकर, प्रशांत पाटील, राकेश पवार, इंद्रनील पाटील, सुनील पाटील, युवराज वाघमोडे, दत्तात्रय जाधव, मनोहर तरडे, अतिश पवार, तुषार दळवी, प्रवीण वानखेडे, सागर सोनावणे तथा साइबर टीम के संतोष चव्हाण ने अंजाम दिया। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि शक जब जुनून बन जाए, तो इंसानियत की सारी हदें पार हो जाती हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो मड़हो में आग लगने से चार भैंसों के झुलसने के अलावा लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ राख

अमन लेखनी समाचार



हलिया, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के हलिया ग्राम पंचायत के कुबरा मजरे में सोमवार को लगभग 12 बजे दिन संदिग्ध परिस्थितियों में दो मड़हो में आग लगने से चार भैंसों के झुलसने के अलावा लाखों रुपए का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्राम सभा हलिया के महादेव मोहल्ला निवासी दो सगे भाई रामनारायन व अवध नरायन मौर्य कुबरा मजरे में रिहायशी मड़हा लगाकर खेती-बाड़ी तथा पशुपालन करते हैं सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक मड़हे में आग लग गई जब तक अगल-बगल के लोग कुछ समझ पाते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बगल में स्थित दूसरे मड़हे को भी अपनी चपेट में ले लिया बगल में स्थित ग्रामीणों ने डिब्बा बाल्टी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब तक लोग आग पर काबू पाते दोनों मड़हे में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया वही मडहे में बधी रामनरायन की चार भैंसे झुलस गई जिसमें एक भैंस मरणा सन्न हो गई है वही 10 प्लास्टिक पाइप, दो सेक्शन पाइप, एक साइकिल, एक कराहा तथा गृहस्थी सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं अवधनरायन मौर्य के मड़हे में रखा 10 हॉर्स पावर का इंजन, एक छोटा टुल्लू, चार कराहा, 13 बोरी सरसों तथा गृहस्ती का सारा सामान जल गया रामनरायन ने बताया कि अगलगी की घटना के समय दोनों भाई मौके पर मौजूद नहीं थे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्य ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी मौके पर टीम ने बचे कुचे आग पर पानी डालकर खाना पूर्तिकर वापस चली गई सूचना पर ग्राम प्रधान हलिया शिव बाबू सेठ मौके पर पहुंचकर पांच हजार रुपये की मदत देते हुए हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई सम्मानजनक विदाई



अमन लेखनी समाचार

हरदोई। मंगलवार जनपद हरदोई में मंगलवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा द्वारा तीन सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में उपनिरीक्षक (ना0पु0) रामचंद्र, मुख्य आरक्षी चालक कबीर अहमद तथा फॉलोवर रमेश बाजपेई शामिल रहे। इस अवसर पर सभी को शॉल एवं गीता भेंट कर उनके लंबे समय तक किए गए निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए हरदोई पुलिस की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि इन कर्मियों ने अपने सेवाकाल में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करते हुए विभाग की गरिमा को बनाए रखा। उनकी सेवाएं सदैव प्रेरणादायक रहेंगी। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल भावुक और सम्मानपूर्ण रहा, जहां सभी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



पूरे सप्ताह चालीस से अधिक घंटे काम करने के बाद कोई भी वर्किंग वूमेन वीकेंड आते-आते बर्न आउट हो सकती है। होममेकर की तो और ज्यादा दयनीय स्थिति हो जाती है, उसका तो कोई वीकेंड होता ही नहीं। हफ्ते के सातों दिन जी तोड़ मेहनत, एक-सी दिनचर्या। तो क्या आप चाहेंगी इस ट्रेंड को बदला जाए? निश्चित ही हम सभी एक बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। तो फिर हम क्यों न सुनें, थोड़ी अपने मन की, थोड़ी अपने दिल की।



# सुनें अपने दिल की

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

साल 2021 में शालिनी को मार्केटिंग एजेंसी में एक पसंदीदा नौकरी मिली थी। अपने चुने हुए करियर की दिशा में यह उनका पहला बड़ा कदम था। अगले ही वर्ष उन्होंने तय किया कि वे जगह-जगह दोबारा से घूमने के अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने अपनी एक ट्रैवल एजेंसी शुरू की। दो साल तक यात्रा जारी रखते हुए अपने बिजनेस को संभाला। लेकिन फिर वह पूरी तरह थक कर चूर हो गईं। अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। एड्रेनल बर्नआउट (अत्यधिक तनाव के कारण शरीर का थक जाना), रिश्तों में तनाव और जिंदगी की दूसरी परिस्थितियों के कारण पड़ने वाले दबाव की वजह से सब कुछ छोड़ना पड़ा। शालिनी बताती हैं, 'पूरे एक साल तक लगातार अपनी पूरी ऊर्जा झोंकने के बाद मेरी सारी शक्ति खत्म हो गई थी। लगभग हर दिन पैनिक अटैक से जूझने लगी थी। यहां तक कि घर के सबसे छोटे-मोटे काम भी बहुत भारी लगने लगे थे। फिर मैंने पाया कि अपने भीतर की कुछ खास भावनाओं या ऊर्जा पर ध्यान लगाने से मेरे मन को शांति मिली। अब मेरा फोकस सिर्फ इतना पैसा कमाने पर है, जिससे मेरी बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें।'



## परफेक्ट बनने के चक्कर में उलझी जिंदगी

लेखिका एवं कोच जेस स्टुअर्ट भी कॉर्पोरेट जगत में काम करते हुए पूरी तरह से थक कर चूर हो गई थीं यानी 'बर्नआउट' की शिकार हो गई थीं। क्योंकि वह खुद को साबित करने और अपने आस-पास के हर किसी का ख्याल रखने में ही बहुत अधिक बिजी थीं। उनके अनुसार, वे एक साथ बहुत सारी चीजें संभालने की कोशिश कर रही थीं और उन सभी को एकदम परफेक्ट बनाना चाहती थीं। लेकिन इससे वह मुश्किल से ही तालमेल बिठा पा रही थीं। उन्हें जिम या काम पर जाने से पहले सुबह जल्दी उठकर योग करने की हिम्मत नहीं होती थी। वह खुद को ही कोसती रहती थीं। उन्हें एहसास हुआ कि यात्रा करने और मीटिंग्स में शामिल होने में ही वे घंटों बिता देती थीं। असल में अपनी जिंदगी नहीं जी रही थीं। अपनी किताब 'बर्नआउट टु ब्रिलियंस' में वे लिखती हैं, 'मैं अपने जुनून को पूरा करना चाहती थी। मैंने लंबे समय के रिश्ते, कॉर्पोरेट जगत का करियर छोड़ दिया और पूरी तरह से दिशा बदलने का फैसला किया। मैंने किताबें लिखनी शुरू की। बाली की यात्रा की। ब्रिटेन में उन लोगों के साथ समय बिताया, जिन्हें मैं प्यार करती थी। इन यात्राओं के बीच कई रिट्रीट और आश्रमों में भी समय बिताया। वहां मैंने योग, माइंडफुलनेस, मौन, ध्यान और खुद से जुड़ने के लिए समय निकाला। यह मेरी जिंदगी का एक अहम मोड़ साबित हुआ।'


### जॉब से ब्रेक लेकर पूरे करें पैशन

हमें उदाहरण के तौर पर कई ऐसी महिलाएं मिल जाएंगी, जिन्होंने अपने करियर में ऊंची उड़ानें भरीं-मोटे सैलरी पैकेज के साथ उन्हें कंपनी की गाड़ी और शानदार घर भी मिला। जिंदगी भरपूर एंज्वॉय के साथ चलने लगी। 35 साल की उम्र तक लगा कि सब हासिल कर लिया है। लेकिन एक दिन उन्हें एहसास होता है कि वह तो भागती जिंदगी का हिस्सा बनकर रह गई हैं। असली खुशी नहीं मिल रही है। अंदर से खालीपन महसूस हो रहा है। वे यह भूल चुकी थीं कि उनके लिए क्या जरूरी है और असल में उन्हें क्या चाहिए? उनकी सेहत बिगड़ने लगी। तब उन्होंने पहली बार 'बर्नआउट' (मानसिक और शारीरिक थकावट) का अनुभव किया। ऐसी थकान होने लगी कि कितनी भी नींद या लंबा वीकेंड उसे दूर नहीं कर पातीं। ऐसा लगता जैसे कि सारी ऊर्जा खत्म हो चुकी है। लगभग हर चीज के लिए अपना उत्साह खो दिया है। अंत में उन्होंने सब कुछ छोड़ने का निर्णय लिया। नई शुरुआत की। उन्हें लगा म्यूजिक सीखना चाहिए, पेंटिंग करनी चाहिए। अपने पैशन को जीना चाहिए। उन्होंने वह सब करना शुरू किया, जिसकी चाहत उन्हें बरसों से थी। ऐसा होते ही वह खुश रहने लगीं।



## बर्नआउट का हेल्थ पर असर

दरअसल, आधुनिक भारतीय परिदृश्य महिलाओं के लिए एक विरोधाभासी वास्तविकता प्रस्तुत करता है। जहां एक ओर पेशेवर अवसर बढ़े हैं, वहीं घरेलू जीवन की संरचनात्मक अपेक्षाएं कठोरता से बनी हुई हैं। महिलाओं को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। तनावपूर्ण करियर के साथ-साथ परिवार की देखभाल की भूमिका निभानी होती है। यह दीर्घकालिक तनाव उनके स्वास्थ्य पर लगातार प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए पूरे हफ्ते काम करने के



बाद बर्नआउट आम बात हो गई है। यह केवल एक सामाजिक घटना नहीं, बल्कि चिकित्सकीय चिंता का विषय बन गई है। साल 2024-25 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लगभग 28.6 प्रतिशत महिलाएं चिंता से ग्रस्त हैं, जबकि 22 प्रतिशत से अधिक महिलाओं में अवसाद के लक्षण पाए गए। असल में ये पारिवारिक जीवन से संबंधित चीजों की योजना बनाने, समन्वय करने और याद रखने के अदृश्य कार्य, मानसिक बोझ का सामूहिक तनाव हैं।

## संतुलन से बनेगी बात


अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रति सप्ताह 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। इनमें हृदय रोग और स्ट्रोक शामिल हैं। इन निष्कर्षों ने काम के लंबे घंटों के बजाय व्यवस्थित लचीलेपन की मांग को और मजबूत किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तो बर्नआउट को आईसीडी-11 के तहत एक व्यावसायिक घटना के रूप में वर्गीकृत किया है। यही कारण है कि कार्यस्थल पर बर्नआउट की समस्या को मान्यता मिली है और टिकाऊ कार्य घंटों के बारे में चर्चा तेज हो गई है। इस संदर्भ में लाइफ कोच शांभवी की सलाह ध्यान देने वाली है, वह कहती हैं, 'जीवन वैसे भी संतुलन का दूसरा नाम है। आज के दौर के शहरी जीवन में पुरुष-महिला दोनों का काम करना जरूरी है। क्योंकि महिलाओं की जिम्मेदारी दोहरी हो जाती है। इसलिए उन्हें अपनी सेहत का पूरा खयाल रखना है। अपनी नींद पूरी करनी है। उन्हें अपने खानपान का उतना ही ध्यान रखना है, जितना वे परिवार के दूसरे सदस्यों का रखती हैं। नाश्ते में प्रोटीन लेना नहीं भूलना है और न नियमित अंतराल में पानी पीना। वे जितना अधिक शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखेंगी, उतना अच्छा परिणाम मिलेगा। महिलाएं अपने शौक पूरे कर सकती हैं। दोस्तों एवं परिजनों के साथ छुट्टियों पर जा सकती हैं, क्योंकि जब मन चंगा, तो सब चंगा।'

# पत्नी को ऐसे महसूस कराएं खास

जिस तरह पत्नी, पति को खुश रखने में कोई कसर नहीं छोड़ती, छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती है ताकि पति को कोई परेशानी ना हो। पति का भी यह दायित्व बनता है, वह भी अपनी पत्नी का ख्याल रखे, उसे कुछ खास महसूस कराए। इसके लिए वे किन बातों का ध्यान रखें, जानिए।

मैंस कॉर्नर

स्नेहा सिंह



पत्नी को खुश करने की कोशिश करने वाले कई पुरुषों को यह गलतफहमी होती है, उन्हें खुश करने के लिए महंगे उपहार देना चाहिए, जबकि वे छोटी-छोटी बातों से बड़ी आसानी से खुश हो जाती हैं, महंगे तोहफे की कोई जरूरत नहीं है। आइए जानते हैं, पत्नी को खुश रखने और उसे खास महसूस कराने के लिए आप किन बातों का ध्यान रखें-

**अपने प्रेम को अभिव्यक्त करें:** अधिकांश महिलाओं को वे पुरुष ज्यादा पसंद आते हैं, जो उनसे खुलकर प्रेम जताते हैं। तो समय-समय पर पत्नी को गले लगाएं, अपने प्यार को शब्दों और व्यवहार से व्यक्त करें। सच्चे प्रेम की अभिव्यक्ति बहुत गहरा असर करती है। इससे न केवल पत्नी खुश होती है, पति-पत्नी दोनों का रिश्ता और गहरा होता है।

**कभी-कभी ब्रेकफास्ट बनाएं:** अगर आप सुबह उठकर पत्नी के लिए चाय-कॉफी या हल्का नाश्ता बनाएंगे तो यह उसके लिए एक प्यारा सरप्राइज होगा। आपको नाश्ता और खाना बनाना नहीं आता है तो आजकल इंटरनेट से नई डिशेज की रेसिपी सीखी जा सकती है। एक बार आप नई डिश बनाना शुरू करेंगे तो कोई भी डिश आसानी से बना लेंगे।



**अच्छे श्रोता बनें:** महिलाओं को ऐसे पुरुष अच्छे लगते हैं, जो उनकी बातों को ध्यान से सुनते हैं। जब भी पत्नी आपसे बात करे, तो मोबाइल या टीवी देखने के बजाय उसकी आंखों में देखकर उसकी बातें ध्यान से सुनें। इससे निश्चित ही आपकी पत्नी खुद को खास महसूस करेगी।

**डेट नाइट की प्लानिंग करें:** शादी के बाद भी पत्नी अपने पति के साथ खास समय बिताना चाहती है। आप कभी-कभी डेट नाइट की प्लानिंग बनाएं। बाहर जाकर किसी अच्छे होटल में पत्नी की पसंद का खाना खाएं, साथ में अच्छा समय बिताएं। इससे उसे महसूस होगा कि वह आपके लिए बहुत खास है।

**पत्नी को दें भावनात्मक सुरक्षा:** पत्नी की सिर्फ शारीरिक सुरक्षा ही नहीं, भावनात्मक सुरक्षा भी जरूरी है। अपनी भावनाएं पत्नी से साझा करें, साथ ही उसकी भावनाओं को भी समझने की कोशिश करें। मुश्किल समय में उसका साथ दें और उसकी हिम्मत बनें। इससे पत्नी का आपके प्रति भरोसा और भी अधिक बढ़ेगा।

**हाथ से बनी हुई भेंट दें:** हाथ से लिखा हुआ पत्र, छोटा-सा कार्ड या स्वयं बनाया गया कोई उपहार पत्नी के लिए बेहद खास होता है। यह महंगे तोहफों से भी ज्यादा दिल को छूता है। इसलिए समय-समय पर पत्नी को हाथ से बनी चीजें दें।

**सुबह प्यारा सा संदेश भेजें:** दिन की शुरुआत एक अच्छे संदेश से करें। स्मार्टफोन इसके लिए बहुत यूजफुल रहेगा। जब सुबह के समय पत्नी को आपका प्यार भरा मैसेज दिखेगा तो यकीन मानिए, आपका एक छोटा-सा प्यार भरा मैसेज पत्नी का पूरा दिन खुशहाल बना देगा। आपको भी उसे खुश देखकर खुशी होगी।

जी हां, दांपत्य रिश्तों में मिठास महंगे उपहारों से नहीं, छोटी-छोटी बातों और सच्चे प्रेम से आती है। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी पत्नी को खुश रख सकते हैं, उसे यह महसूस करा सकते हैं कि वह आपकी जिंदगी में बहुत ही खास है।

रिश्ते

दीपिका शर्मा

कभी भी दो लोगों के विचार हमेशा एक समान नहीं हो सकते। ऐसे में रिश्ते को मधुर-मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आपसी मतभेद के बावजूद हम एक-दूसरे का सम्मान करें और उसे मनभेद में न बदलने दें।

# मतभेद को न बनने दें मनभेद

रिश्तों को निभाना भी एक कला है। जो इस कला को सीख जाता है, वह संतोषजनक जीवन जीता है। वहीं जो इससे वंचित रहता है, वह तनावपूर्ण रिश्ते और असंतोष से घिरा रहता है। रिश्तों में मतभेद होना स्वाभाविक है, क्योंकि दो अलग परिवेश से जुड़े लोगों का मिलन, दो अलग विचारों का मेल होता है। जब विचार अलग होते हैं, तो थोड़ी नोक-झोंक और टकराव होता ही है। लेकिन इसे सहजता से जिया जा सकता है, बजाय मनभेद में बदलकर। क्योंकि जब मनभेद पैदा होता है, तो रिश्तों को निभाना बेहद कठिन हो जाता है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मनभेद, रिश्तों के टूटने का एक प्रमुख कारण बनता है। ऐसे में जरूरी है कि जहां हमारे विचार भिन्न हों, वहां विचारों का विरोध करें, व्यक्ति का नहीं।

**वैचारिक भिन्नता को स्वीकारें:** हम सबकी सोच अलग हो सकती है, क्योंकि हर किसी के अनुभव, माहौल और परिस्थितियां अलग होती हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि केवल विचारों का अलग होना रिश्तों में खटास का कारण बन जाए और हम एक-दूसरे से दूर हो जाएं। कभी-कभी सही व्यक्ति भी गलत सोच सकता है, और जिसे हम गलत समझते हैं, वह भी कभी सही विचार रख सकता है। अगर हम हर मतभेद को 'मनभेद' में बदल देंगे, तो विश्वास पर टिके रिश्ते भी डगमगा



इस बदलाव के कारण यदि हम अपने रिश्तों को ही बदल दें या तोड़ दें, तो यह भावनात्मक संतुलन को प्रभावित करता है। विचार बदल सकते हैं, पर अपने लोगों के प्रति जुड़ाव और अपनापन बना रहना चाहिए।



जाएंगे। इससे न केवल रिश्ते टूटेंगे, बल्कि समाज भी बिखरने लगेगा। इसलिए कुछ बातें हैं, जो मतभेद को मनभेद बनने से रोक सकती हैं।

**सम्मान का रखें ध्यान:** किसी के साथ असहमति का अर्थ विरोध करना है, अपमान करना नहीं। जब हम किसी की बात से सहमत नहीं होते, तो हमारा पहला कर्तव्य है कि हम अपनी बात को विनम्रता और सम्मान के साथ रखें। कठोर शब्द, ताने या व्यंग्य सामने वाले के मन को आहत करते हैं और बात का मूल उद्देश्य खो जाता है। सम्मान बना रहेगा, तो संवाद के द्वार हमेशा खुले रहेंगे।

**बहस करें तो मर्यादा के साथ:** बहस का उद्देश्य जीतना नहीं, समझना होना चाहिए। जब बहस मर्यादा से बाहर चली जाती है, तो वह विवाद बन जाती है। आवाज ऊंची करने, व्यक्तिगत आरोप लगाने या पुरानी बातों को उछालने से स्थिति और बिगड़ती है।

**सोच बदलिए पर संबंध नहीं:** जीवन में परिस्थितियां और अनुभव हमारी सोच को बदलते रहते हैं। यह बदलाव आवश्यक भी है, लेकिन

**बोलने के साथ सुनना जरूरी:** अकसर हम अपनी बात कहने में इतने व्यस्त रहते हैं कि सामने वाले को सुनना ही भूल जाते हैं। सही संवाद तभी संभव है, जब हम ध्यानपूर्वक सुनें और समझने की कोशिश करें। सुनने से गलत फहमियां कम होती हैं।

**विचारों पर बात करें:** किसी के विचार से असहमत होना ठीक है, लेकिन उस व्यक्ति के चरित्र या व्यक्तित्व पर सवाल उठाना गलत है। 'तुम हमेशा गलत सोचते हो।' जैसे वाक्य संबंधों में दूरी पैदा करते हैं, जबकि 'मुझे इस विचार से असहमति है' कहना स्वस्थ संवाद को बढ़ावा देता है।

**समय-स्थिति का ध्यान रखें:** हर बात कहने का एक सही समय और तरीका होता है। गुस्से में या तनाव के समय की गई चर्चा अकसर विवाद में बदल जाती है। इसलिए आवश्यक है कि हम सही समय का चयन करें।

**सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाइए:** हर मतभेद को नकारात्मक रूप में देखने के बजाय, उसे एक अवसर के रूप में देखें, एक-दूसरे को बेहतर समझने का अवसर। हमें यह समझना जरूरी है कि सकारात्मक दृष्टिकोण रिश्तों में मिठास बनाए रखता है।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# ग्लोइंग फेस के लिए इफेक्टिव होम रेमिडीज

चेहरा धोने के लिए यूज किए जाने वाले कुछ फेस वॉश में केमिकल्स होते हैं, जिनको लगाने से चेहरे पर दाग, धब्बे उभरने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में चेहरा बदसूरत या डल दिखने लगता है। इनसे बचने के लिए अगर आप आसानी से तैयार होने वाले घरेलू हर्बल उत्पादों का चेहरे पर इस्तेमाल करें तो बेहतर परिणाम नजर आएंगे।



**कच्चा दूध:** कच्चे दूध को कॉटन पैड की मदद से चेहरे पर लगाएं और पांच मिनट तक चेहरे की क्लींजिंग करें। इसके बाद चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालें। कच्चा दूध कील-मुंहासों को हटाने में मददगार होता है। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरा कोमल-चमकदार हो जाता है।

**दही:** अगर आप रोज सुबह चेहरे पर दही लगाएंगी, तो इससे त्वचा दिन भर फ्रेश और खिली-खिली नजर आएगी। रात में चेहरे पर दही लगाने से, त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी और धूल-मिट्टी आसानी से निकल जाती है। आप 2 चम्मच दही में 2 चम्मच बेसन और चुटकी भर हल्दी मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। 20-25 मिनट बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए आप कुछ दिनों तक रोजाना चेहरे पर दही लगा सकती हैं। दही, बेसन और हल्दी का फेस पैक स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह सभी स्किन टाइप के लोगों के लिए अच्छा होता है।

**हल्दी-दूध फेस पैक:** आधा छोटा चम्मच हल्दी पावडर में दो छोटे चम्मच दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिलाकर फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। फेस पैक को सूखने दें। हल्के हाथों से रब करते हुए पानी से त्वचा को साफ कर लें। इस पैक को हफ्ते में दो-तीन बार लगाएं।



**एलोवेरा जैल:** एलोवेरा जैल को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। पौधे से निकाला गया जैल पत्ते की लुगदी होती है और पत्तियों के अंदरूनी हिस्सों में पाई जाती है। एलोवेरा को घरेलू उपचार के तोर पर प्रयोग करने में पहले पौधे को पूरी तरह धो लेना चाहिए फिर पूरी स्वच्छता का ध्यान रखते हुए एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा को मुलायम बनाए रखने में मदद करता है।

**शहद:** शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। मॉयश्चराइजर त्वचा को कोमल, हेल्दी और आकर्षक बनाए रखता है। इसके लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इसको अपने चेहरे, गर्दन और शरीर के खुले भागों पर लगाएं फिर आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार उपयोग में ला सकती हैं।

योगा जोन

दिव्यज्योति 'नंदन'

हालांकि प्रेग्नेंसी के दौरान हैवी वर्कआउट या कठिन आसन करना हार्मफुल हो सकता है। लेकिन डॉक्टर की सलाह पर ट्रेनर की निगरानी में अगर कुछ सरल योगासन करें तो आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

# प्रेग्नेंसी के दौरान योगा बरतें सावधानियां

प्री-नेटल योगा आमतौर पर बहुत धीमी गति से की जाने वाली वो प्रैक्टिस है, जो गर्भावस्था के दौरान हमारे शरीर में आने वाले शारीरिक और भावनात्मक बदलावों को सपोर्ट करने के लिए की जाती है। यह योगा गर्भावस्था के शुरुआती दिनों से शुरू होकर डिलीवरी तक आसानी से किया जा सकता है। प्री-नेटल योगा आप घर पर



रहकर ऑनलाइन, यू-ट्यूब द्वारा दिखाए गए वीडियोज के जरिए भी कर सकती हैं। लेकिन इसे करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर कर लें और योगा ट्रेनर के निर्देशन में करना ही सुरक्षित रहेगा।

**योगासन करने के फायदे:** हल्के-फुल्के योगासन गर्भावस्था में पूरी सुरक्षा देते हैं और इनके जरिए आप श्वास पर नियंत्रण करके अपने रक्त संचार को बेहतर कर सकती हैं। इससे अपने गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ अपना एक गहरा कनेक्शन भी महसूस कर सकती हैं। यह योगा प्रैक्टिस, पेन फ्री गर्भावस्था के लिए आपको शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। आप इन आसनों को करके एनर्जेटिक फील करती हैं।

**सावधानी से करें प्रैक्टिस:** जो महिलाएं प्रेग्नेंट हैं और जिन्होंने अभी तक योगा शुरू नहीं किया है, उनको योगासन करने के लिए सर्टिफाइड प्री-नेटल ट्रेंड इंस्ट्रक्टर से ही ट्रेनिंग लेनी चाहिए। शुरुआत में मंद गति से सांस लेना और छोड़ना, शरीर को धीरे-धीरे स्ट्रेच करने और गर्भावस्था के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किए गए बेसिक पोस्चर के साथ योगा करना चाहिए। क्योंकि गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में नए-नए तरह के बदलाव होते हैं। इसके लिए इसे रोज हर हाल में करने की बजाय उतना ही करना चाहिए, जिससे आपको थकान न लगे। ज्यादा कठिन आसन और एडवांस पोस्चर, विशेष तौर पर बिना किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस के नहीं करने चाहिए। आपका शरीर जिन आसनों को करने में रिलैक्स फील करे, आपको उतना ही श्रम करना चाहिए, तभी आपका शरीर धीरे-धीरे योगासन के लिए अपने आपको शारीरिक रूप से तैयार कर सकता है।



**रखें इन बातों का ध्यान:** प्रेग्नेंसी के दौरान योगा करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें।

- प्री-नेटल योगासन डॉक्टर की सलाह पर ही योगासन करें।
- श्वसन क्रिया, हल्के-फुल्के पोस्चर जैसे कैट पोज, मलासन पर ही फोकस करें।
- सीने की मांसपेशियों और एडविक फ्लोर को मजबूती देने वाले आसन ही करें।
- मेडिटेशन और प्राणायाम करें।
- उन्हीं आसनों को करें, जो आपको एकाग्रचित होने में सहयोग करें और आपके लिए आरामदेह साबित हों।
- कमर को पीछे की ओर ज्यादा मोड़ने वाले, अचानक मुद्रा में बदलाव करने वाले, जंप बैक और दूसरे कठिन आसन करने से परहेज रखें।
- कपालभाति या सांस रोकने वाले आसन भी किए जा सकते हैं।
- ज्यादा स्ट्रेचिंग न करें, क्योंकि इन दिनों हार्मोनल बदलाव के कारण शरीर में लचीलापन आ जाता है, जो जोड़ों के सेहत के लिए सही नहीं होता।